दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं

वर्ष: 3 | अंक: 127 | जयपुर, बुधवार, 17 अप्रैल, 2024 | चैत्र, शुक्ल पक्ष- नवमी, विसं 2081 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**बने IAS: लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने हासिल की ऑल इंडिया में वन रैंक, अनिमेष दूसरी और अनन्या रेड्डी को मिली तीसरी रैंक**

# UPSC में एक बार फिर राजस्थान के होनहारों ने फहराया परचम

बेधड़क | जयपुर

यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा 2023 का परिणाम मंगलवार को जारी हो गया। इस लिस्ट में कुल 1016 उम्मीदवारों ने जगह बनाई है। लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की है। वहीं, अनिमेष प्रधान दूसरी और अनन्या रेड्डी को तीसरी रैंक मिली है। परीक्षा में राजस्थान के होनहारों ने भी बाजी मारी है। परीक्षा में राजस्थान के कई युवाओं ने नाम रोशन कर दिखाया। राजधानी जयपुर में थड़ी ठेला यूनियन के पदाधिकारी की बेटी ने भी यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा में सफलता हासिल की है। नगर निगम हेरिटेज में थड़ी ठेला यूनियन पदाधिकारी नाथू सिंह की बेटी मृणालिका राठौड़ ने यूपीएससी एक्जाम में 125 वीं रैंक हासिल की है। इसी प्रकार परीक्षा परिणाम में राजस्थान के होनहारों में बाड़मेर के भाड़खा गांव निवासी किसान पुत्र मोहनलाल जाखड़ ने 53वां रैंक हासिल किया है। इसके अलावा जयपुर के पुरुराज सिंह ने 21वां, जोधपुर के कृष्ण जोशी ने 73वीं रैंक, बाड़मेर के अक्षय डोसी ने 75वां रैंक हासिल कर टॉप 100 में अपनी जगह बनाई है। वहीं, एसीएस होम आनंद कुमार के बेटे विनायक कुमार, कांग्रेसी नेता गोपाराम मेघवाल के बेटे पूरण प्रकाश का भी नाम इस सूची में शामिल है। जोधपुर की कृष्णा जोशी सरकारी अधिवक्ता अनिल जोशी की बेटी है, उन्होंने एआईआर 73 पर अपनी जगह बनाई है।



### जयपुर की मृणालिका राठौड़ ने पांचवें प्रयास में पाई सफलता

UPSC सिविल सर्विस परीक्षा 2023 में जयपुर की मृणालिका राठौड़ ने 125वीं रैंक हासिल की है। इनके पिता नाथू सिंह राठौड़ नगर निगम जयपुर में थड़ी ठेला यूनियन के पदाधिकारी है । बेटी की सफलता के बारे में बताते हुए पिता नाथू सिंह ने बताया कि 5वें प्रयास के बाद उनकी बेटी पास हुई है।

### जयपुर में थड़ी ठेला यूनियन के पदाधिकारी की बेटी बनी IAS

- बाड़मेर के मोहनलाल जाखड़ ने 53वीं रैंक की हासिल
- एसीएस आनंद कुमार के बेटे विनायक को मिली 180 वीं रैंक

### राजस्थान के होनहारों की ऑल इंडिया रैंक

- मोहनलाल जाखड़ (बाड़मेर)- 53वां रैंक
- पुरुराज सिंह (जयपुर)- 21वां रैंक
- कृष्णा जोशी (जोधपुर)- 73वां रैंक
- अक्षय डोसी (बाड़मेर)- 75वां रैंक
- मृणालिका राठौड (जयपुर)- 125 वीं रैंक
- विनायक कुमार (जयपुर)- 180वां रैंक
- राजेंद्र कुमार विश्नोई (नोखा)- 161वां रैंक

### ACS के बेटे विनायक पहले ही अटेम्प में पास

सिविल सर्विस परीक्षा में राजस्थान के आईएएस और गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार के बेटे विनायक कुमार का चयन हुआ है। विनायक कुमार की ऑल इंडिया 180वी रैंक आई है। पहले ही अटेम्प में सफलता प्राप्त कर चुके विनायक कुमार ने इसी साल जयपुर के सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस किया है।

## जरूरी खबर

### राजस्थान रॉयल्स ने केकेआर को दो विकेट से हराया



**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 31वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को अंतिम गेंद पर 2 विकेट से हरा दिया। मैच में टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए केकेआर ने सुनील नरेन के शतक से 223 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में राजस्थान ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए जोस बटलर के शतक से अंतिम गेंद पर 224 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। पहली पारी में कोलकाता नाइट राइडर्स ने राजस्थान रॉयल्स को 224 रनों का पहाड़ जैसा लक्ष्य दिया था। 224 रन की टारगेट को पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 224 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली है।

### बैंक एमडी के आवास पर एसीबी की रेड



**जयपुर।** दी सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के खिलाफ दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में एसीबी ने जयपुर और जालोर में तीन ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की है। एसीबी ने सर्च अभियान चलाकर 131 पट्टे, 740 ग्राम सोने के आभूषण, 3.9 किलो चांदी, 7 लाख के डायमंड आभूषण, एक बैंक लॉकर, 52 लाख की एफडी, 22 तोला सोना, 4 किलो चांदी समेत अन्य सामान बरामद किया है। एसीबी के एडीजी हेमन्त प्रियदर्शी के मुताबिक एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर मंगलवार को एसीबी की टीमों ने जयपुर और जालोर में कार्रवाई करते हुए दी सेन्ट्रल कॉपरेटिव बैंक लिमिटेड जिला जालोर के तत्कालीन प्रबंध निदेशक (हाल निलंबित) केके मीणा और अन्य के विरुद्ध दर्ज भ्रष्टाचार के प्रकरण में आरोपियों के जालोर और जयपुर में स्थित 3 विभिन्न ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया गया।

**छत्तीसगढ़: कांकेर में चला साढ़े पांच घंटे तक ऑपरेशन**

# नक्सलियों के टॉप कमांडर समेत 29 का एनकाउंटर

### 25-25 लाख के दो इनामी कमांडर भी हुए ढेर

एजेंसी | कांकेर

लोकसभा चुनाव 2024 के फर्स्ट फेज की वोटिंग से पहले छत्तीसगढ़ में सुरक्षाकर्मियों ने मंगलवार को कांकेर जिले में मुठभेड़ में 29 नक्सलियों को मार गिराया। यह राज्य में अब तक की सबसे बड़ी मुठभेड़ है, जिसमें नक्सलियों के कई सीनियर कमांडर ढेर हुए। छत्तीसगढ़ में वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई के अब तक के इतिहास में यह किसी एक मुठभेड़ में नक्सलियों की यह सबसे अधिक मौतें हैं। इस साल अब तक माओवादियों के गढ़ बस्तर रीजन में सुरक्षा बलों के साथ अलग-अलग मुठभेड़ों में कुल 79 नक्सली मारे गए हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भीषण गोलीबारी में तीन सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गए और मौके से बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए गए। सुरक्षा बलों ने इस एनकाउंटर में शंकर राव को मारने में सफलता पाई। वह नक्सलियों का सबसे प्रभावशाली कमांडर था। शंकर राव अपने डिवीजन का मिलिट्री इंटेलिजेंस चीफ था और उसके सिर पर 25 लाख रुपए का इनाम घोषित था।

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस मुठभेड़ को नक्सलियों पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' बताते हुए कहा कि यह बहुत बड़ी सफलता है और इसका पूरा श्रेय हमारे बहादुर सुरक्षा कर्मियों को जाता है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (नक्सल ऑपरेशन) सुंदरराज पी ने कहा कि मुठभेड़ मगलवार दोपहर करीब 2 बजे छोटेबेठिया पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिनागुंडा और कोरोनार गांवों के बीच हापाटोला जंगल में हुई, जब सीमा सुरक्षा बल और राज्य पुलिस के डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड की संयुक्त टीम एक अभियान पर निकली थी। उन्होंने बताया कि यह ऑपरेशन प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के नॉर्थ बस्तर डिवीजन के सीनियर कैडरों शंकर, ललिता, राजू और अन्य की मौजूदगी के बारे में इनपुट के आधार पर शुरू किया गया था। इलाके में गश्त के दौरान सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई।

सुरक्षाबलों ने मौके से 29 माओवादियों के शव और एके-47, एसएलआर, इंसास और .303 राइफल सहित भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए। नक्सल प्रभावित बस्तर लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को मतदान है, जबकि कांकेर निर्वाचन क्षेत्र में 26 अप्रैल को वोटिंग है।





शंकर राव



ललिता माड़वी

### घायल तीनों सुरक्षाकर्मी खतरे से बाहर

आईजी सुंदरराज पी ने कहा कि इलाके में तलाशी अभियान अभी भी जारी है। मुठभेड़ में तीन सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं। उनकी हालत खतरे से बाहर है। उन्हें इलाज के लिए एयरलिफ्ट करके रायपुर ले जाया गया। मारे गए नक्सलियों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है, लेकिन प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि उनमें प्रतिबंधित संगठन सीपीआई (माओवादी) के नॉर्थ बस्तर डिवीजन के वरिष्ठ कैडर भी शामिल थे। मृतकों में माओवादियों के नॉर्थ बस्तर डिवीजन की डिवीजनल कमेटी के सदस्य शंकर और ललिता भी शामिल हैं।

**एक लाख के इनामी समेत 3 हार्डकोर नक्सलियों ने किया सरेंडर:** लोकसभा चुनाव से पहले सुकमा में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत तीन हार्डकोर नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया। सरेंडर करने वाले एक नक्सली के सिर पर एक लाख का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में वण्डो हिड़मा, सोड़ी हुंगा और सोड़ी देवा शामिल है। इसमें से वण्डो हिड़मा पर एक लाख का इनाम घोषित था। सरेंडर करने वाले वण्डो हिड़मा चिंतागुफा थाना क्षेत्र का रहने वाला है।

**नक्सलियों की सूचना देने पर मिलेगी नौकरी और पांच लाख:** छत्तीसगढ़ पुलिस ने नक्सलियों और उनकी गतिविधियों के बारे में जानकारी देने वाले लोगों के लिए नकद पुरस्कार की घोषणा की है। कबीरधाम के पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव ने कहा कि नक्सलियों के बारे में जानकारी साझा करने वालों को 5 लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा। यह इनाम सरकार द्वारा दिया जाएगा।

**लोकसभा चुनाव 2024: 19 अप्रैल को होगा पहले चरण का मतदान, आज थमेगा चुनावी शोर**

# चुनाव प्रचार के अंतिम दौर में झोंकी ताकत

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 12 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। पहले चरण के मतदान से 48 घंटे पहले 17 अप्रैल की शाम छह बजे से चुनाव प्रचार थम जाएगा। इन 12 सीटों पर अब तक बीजेपी और कांग्रेस पूरा दमखम लगा चुकी है। पहले चरण में होने वाले

मतदान से पूर्व प्रदेश में दोनों ही दलों ने पूरी ताकत झोंक दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीएम भजनलाल शर्मा सहित अनेक दिग्गज इन सीटों पर चुनावी सभा को संबोधित कर चुके हैं। पहले चरण की 12 लोकसभा सीटों पर कुल 114 उम्मीदवार हैं, लेकिन मुकाबला केवल कांग्रेस और भाजपा के उम्मीदवारों के बीच है। कांग्रेस ने 25 से 3 सीटों पर विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ गठबंधन किया है, जबकि अन्य 22 सीटों पर पार्टी के उम्मीदवार मैदान में हैं।

### प्रदेश में दो चरणों में होंगे चुनाव, पहले चरण में 12 लोकसभा सीटों के लिए 19 को और दूसरे चरण का 26 को मतदान



### पहला चरण: इन सीटों पर होगा मतदान

पहले चरण में गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर जिलों में वोटिंग होगी। इसी प्रकार दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा। दूसरे चरण में राजस्थान की 13 लोकसभा सीटों के लिए वोटिंग होगी। इनमें टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर,पाली, जोधपुर,बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा, झालावाड़-बारां लोकसभा सीट मुख्य है।



### OPS के नाम पर गहलोत सरकार ने फैलाया था भ्रम: निर्मला सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जयपुर में पत्रकारों से कहा कि भ्रष्टाचार, कुशासन, झूठे वादे और वोट बैंक के खातिर जनता को गुमराह करना कांग्रेस की पुरानी आदत है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में ओपीएस का जिक्र तक नहीं किया जबकि ओपीएस कांग्रेस का मुद्दा था। प्रदेश की पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने ओपीएस के नाम पर भ्रम फैलाने का काम किया। कांग्रेस घोषणा पत्र जारी करने के समय दिल्ली के नेताओं ने ओपीएस पर गहलोत की राय क्यों नहीं ली। निर्मला सीतारमण ने भाजपा के संकल्प पत्र को विकसित भारत 2047 का विजन पत्र बताया, वहीं पूर्व सीएम गहलोत और कांग्रेस पर चुनाव के समय वोट के लिए झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। ■ पेज 2 भी देखें

**जयपुर-अजमेर में सभा की**

# चुनावी सभा में भाजपा पर गरजे पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत

बेधड़क | जयपुर

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को जयपुर और अजमेर में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं का संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला। गहलोत ने ईआरसीपी के मुद्दे पर भाजपा के केंद्रीय मंत्रियों को नाकारा-निकम्मा कहा है। साथ ही जनता से कहा कि भाजपा के 24 एमपी से पूछो आपका राज है दिल्ली के अंदर, आपने राजस्थान के लिए क्या किया। देश को खालिस्तान बनने से बचाने वाली पार्टी के खाते बंद कर दिए हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड पर पीएम घूम-घूम कर सफाई दे रहे हैं। जनता भी अब समझ गई है इसलिए हर दिन हमारे पक्ष में हवा बनती जा रही है।

पूर्व सीएम गहलोत मंगलवार को अजमेर से लोकसभा प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी के समर्थन में आजाद पार्क में सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। आगे चुनाव होंगे या नहीं यह कोई गारंटी नहीं है। देश में संविधान की धज्जियां उड़ गई है। संविधान को बदलने के बात की जा रही है। इनकी नीयत ठीक नहीं है। गहलोत ने कहा कि यह आने वाली पीढ़ी के भविष्य के लिए चुनाव है।



### देश चला रहे हैं या मजाक कर रहे हैं

गहलोत ने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही एक टूटा-फूटा समझौता कर लिया और आपस में ही आभार व्यक्त कर रहे हैं। पीएम ईआरसीपी को लेकर अजमेर में बोलकर गए थे। इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की बात कही थी। वसुंधरा राजे भी उस समय मौजूद थी। जोधपुर के एमपी हैं गजेंद्र सिंह शेखावत, जो पानी के मंत्री हैं। वो ईआरसीपी लागू नहीं करवा पाए देश के अंदर, पूरा पैसा दिल्ली से मिलता है। ऐसे-ऐसे तो निकम्मे-नकारा बना रखे हैं केंद्रीय मंत्री। जिन्होंने कुछ काम नहीं किया। राजस्थान के साथ बहुत अन्याय हो रहा है। गहलोत ने कहा कि बीजेपी चाहती क्या है, यह समझ में नहीं आता है। देश चला रहे हैं या मजाक कर रहे हैं। इलेक्ट्रॉन बॉन्ड का घोटाला किया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई। प्रधानमंत्री उसकी सफाई देते घूम रहे हैं। ईडी भेज-भेजकर 50-100 करोड़ रुपए मंगा लिए।

### अमित शाह को ERCP की ABCD भी मालूम नहीं: गहलोत

जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार देर शाम को जयपुर शहर कांग्रेस प्रत्याशी प्रताप सिंह खाचरियावास के समर्थन में चुनावी सभा की। इस दौरान उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह के बारे में कहा कि उन्हें ईआरसीपी की एबीसीडी तक मालूम नहीं। वे बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं। उन्हें पता नहीं ईआरसीपी क्या बला है और आपको बोल रहे हैं प्रदेश की 25-25 की सीटें जीतेंगे। पहले की तरह चार सौ पार करेंगे। मैं जब गुजरात का इंचार्ज था, तब कहा कि 150 सीटें आएंगी, फिर 96 सीटें इनकी आई, इसलिए ये झूठ बोलने में माहिर है।

## जरूरी खबर

### रामनवमी पर राज्यपाल ने दी शुभकामनाएं



**बेधड़क.जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने रामनवमी के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम घट-घट में व्याप्त हैं। उनका पूरा जीवन ही आदर्श का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अवतार के रूप में भगवान श्रीराम का जीवन चरित्र हमें विपरीत परिस्थितियों में भी नैतिकता, सदाचार, त्याग और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। राज्यपाल ने इस अवसर पर भगवान श्री राम से सभी के लिए सुख, समृद्धि और संपन्नता की कामना की है।

### व्यापार महासंघ आज से चलाएगा अभियान

**बेधड़क.जयपुर।** जयपुर व्यापार महासंघ की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर व्यापारियों से जन संपर्क बुधवार को सुबह 11 बजे से चांदपोल हनुमान मंदिर से आरंभ किया जाएगा। अभियान की शुरुआत जिला कलेक्टर प्रकाश राज पुरोहित शुभारंभ करेंगे। अध्यक्ष सुभाष गोयल ने बताया कि इस दौरान मतदाता अभियान में सभी संबंधित व्यापार मंडल के पदाधिकारियों भी उपस्थित रहेंगे। गौरतलब है कि जयपुर व्यापार महासंघ का लक्ष्य इस चुनाव में व्यापारी वर्ग द्वारा गत चुनाव से 10 प्रतिशत मतदान बढ़ाने के लिए जागरूकता पैदा करना है। कार्यक्रम में महामंत्री सुरेंद्र, कोषाध्यक्ष सोभागमल अग्रवाल आदि मौजूद रहेंगे।

### सवैतनिक अवकाश की पालना के लिए टीम गठित



**बेधड़क.जयपुर।** जिले में मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024 को 18 विधानसभा क्षेत्रों (दूदू विधानसभा के अतिरिक्त) में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। इसमें निजि एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठान, दुकान व उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों का संवैतनिक अवकाश दिया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि मतदान दिवस पर कामगारों को सवैतनिक अवकाश सुनिश्चित करने के लिए दल का गठन किया है। दल में श्रम निरीक्षक सपना चुग (8239815237), श्रम निरीक्षक भारती भिंडा (7790836942) एवं श्रम निरीक्षक अंकिता महर्षि (7976614153) शामिल है। ये निरीक्षक इस संबंध में कोई शिकायत प्राप्त होने पर कार्रवाई करेंगे।

---

**भ्रष्टाचार पर कार्रवाई के बयान को लेकर डोटासरा ने मुख्यमंत्री भजन लाल पर कसा तंज**

# आपके पास हेलिकॉप्टर है जल्दी आगे बढ़ो, कछुआ क्यों बने हो!

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव के रण में कांग्रेस और भाजपा नेताओं के बीच जुबानी जंग जारी है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भ्रष्टाचार पर कार्रवाई को लेकर दिए गए बयानों पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पलटवार किया है। इस दौरान उन्होंने ईआरसीपी और यमुना जल को लेकर भी चुटकी ली।

चूरू के रतनगढ़ में कांग्रेस प्रत्याशी राहुल कस्वां के समर्थन में हुई रैली को संबोधित करते हुए डोटासरा ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने भाषणों में कहते थे कि उन्होंने गैंगस्टर फोर्स बना दी। जब



हमने ध्यान दिलाया तो वे एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स बोलने लगे। वे कहते हैं कि हम अपराधियों को पकड़ रहे हैं। पेपर चोरों को जेल में डाल रहे हैं। अब बड़े-बड़े लोग इसकी जद में आने वाले हैं। हम आरपीएससी की तरफ धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री के इस बयान पर गोविंद सिंह डोटासरा ने तंज कसते हुए कहा कि धीरे-धीरे नहीं, जल्दी आगे बढ़ो।

अभी तो आपके पास हेलिकॉप्टर भी है, लेकिन लोकसभा चुनाव के बाद कुर्सी भी रहेगी या नहीं और जब कुर्सी नहीं रहेगी, तो उन्हें कौन जाने देगा। डोटासरा ने चुटकी लेते हुए कहा कि जब आपके पास हेलिकॉप्टर है तो धीरे-धीरे क्यों आगे बढ़ रहे हो, कछुआ क्यों बने हुए हो?

#### पेपर माफिया को जेल भेजने में आपके साथ

ठेठ मारवाड़ी अंदाज में डोटासरा ने सीएम के भाषणों पर जमकर चुटकी ली। वे बोले कि मुख्यमंत्री हेलिकॉप्टर लेकर आरपीएससी जाएं और वहां बैठकर कागज देख लें। जिन्होंने चोरी, बेईमानी और बदमाशी की है। बच्चों के भविष्य के साथ कुठाराघात किया है। उनको जेल भेजो। तिहाड़ जेल भेजो। इस मामले में डोटासरा और पूरी कांग्रेस आपके साथ है। बता दें कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपने भाषणों में कांग्रेस राज में भ्रष्टाचार और पेपर लीक के आरोप दोहराते हैं।

#### दिल्ली वालों ने समझौते की कॉपी नहीं दी

डोटासरा बोले, सीएम कहते हैं हमने यमुना का पानी ला दिया। क्या किसी ने यमुना का पानी देखा, एक गिलास भी पानी भरा। दिल्ली में बैठे लोगों ने मुख्यमंत्री से जल समझौते के नाम पर फर्जी दस्तखत करवा लिए। मुख्यमंत्री कहते हैं कि उन्होंने ईआरसीपी और यमुना के पानी के लिए एमओयू किया है, लेकिन दिल्ली वालों ने समझौते की कॉपी तक नहीं दी। हम कह रहे हैं एक बार समझौते की कॉपी दिखा दो, तो हम आपको सुपर-डुपर सीएम मानेंगे।

---

**केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने कांग्रेस पर लगाए आरोप**

# कांग्रेस के घोषणा पत्र में OPS का जिक्र नहीं, फैलाया था भ्रम

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में बड़े नेताओं के आने का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में मंगलवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जयपुर में भाजपा के संकल्प पत्र को विकसित भारत 2047 का विजन पत्र बताया।

वहीं, पूर्व सीएम अशोक गहलोत और कांग्रेस पार्टी पर चुनाव के समय वोट के लिए झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार ने 100 दिन की कार्य योजना पर काम करते हुए ईआरसीपी और पीकेसी लिंक योजना समझौता किया। जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में जल की भारी किल्लत होने के बावजूद इस महत्वपूर्ण योजना को लटकाए रखा।

मेरी नजर में अशोक गहलोत पहले ऐसे सीएम है जिन्होंने पानी जैसे महत्वपूर्ण विषय को गंभीरता से नहीं लिया और ईआरसीपी योजना को अटकाने का काम किया। सीतारमण ने कहा कि भ्रष्टाचार, कुशासन, झूठे वादे और वोट बैंक के खातिर जनता को गुमराह करना कांग्रेस की पुरानी आदत है।




#### ओपीएस को कांग्रेस ने बनाया था मुद्दा

कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में ओपीएस का जिक्र तक नहीं किया जबकि ओपीएस कांग्रेस का मुद्दा था। वहीं राजस्थान की पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने ओपीएस के नाम पर भ्रम फैलाने का काम किया। कांग्रेस घोषणा पत्र जारी करने के समय दिल्ली के नेताओं ने ओपीएस पर अशोक गहलोत की राय क्यों नहीं ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा का संकल्प पत्र पूरी तरह से गुड गवर्नेस, डिजिटल गवर्नेस के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर डवलप करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

राजस्थान में सीमावर्ती जिलों के अंतिम गांव को मोदी सरकार ने पहला गांव मानकर उनका इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने का काम शुरू कर दिया है। सीमावर्ती गांवों में बेहतर सड़क मार्ग और टेक्नोलोजी की मदद से ड्रग्स तस्करी पर नियंत्रण करने में मदद मिलेगी। बीआरओ ने पिछले पांच सालों में राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में करीबन 9 हजार किलोमीटर सड़क का निर्माण किया है। सीमा क्षेत्रों में तारबंदी कर अवैध गतिविधियों को रोकने का प्रयास किया जा रहा है।

#### पश्चिम राजस्थान में खनिज के भरपूर भंडार

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम राजस्थान में खनिज के भरपूर भंडार के चलते यहां की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी। राजस्थान एमएसएमई के लिए जाना जाता है। ऐसे में भाजपा ने संकल्प पत्र में एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए मुद्रा लोन की सीमा को बढ़ाकर 20 लाख तक कर दी है। राजस्थान में पानी की कमी को देखते हुए पर्याप्त जल प्रबंधन के उद्देश्य से बूंद-बूंद सिंचाई योजना को बढावा दिया जा रहा है। वहीं भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रूपए तक का ईलाज नि:शुल्क देने का वादा किया है। राजस्थान में पीएम सूर्य घर योजना की व्यापक संभावनाएं है। इससे जनता को मुफ्त बिजली के साथ ही रूफ टॉप पर सोलर पैनल लगाकर अतिरिक्त आय बढ़ाने का अवसर भी मिलेगा। प्रेसवार्ता के दौरान मंच पर भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ अल्का गुर्जर, भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी और प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ मौजूद रहे।

---

**शेखावत की बढ़ सकती है मुश्किलें**

## संजीवनी घोटाले के पीड़ितों ने ली भाजपा के बहिष्कार की शपथ



**बेधड़क | जयपुर**

संजीवनी क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी के पीड़ित संघ ने केंद्रीय मंत्री एवं जोधपुर से भाजपा उम्मीदवार गजेंद्र सिंह शेखावत के खिलाफ बड़ा मोर्चा खोल दिया है। इससे लोकसभा चुनाव में उनकी मुश्किलें बढ़ सकती है। पीड़ित संघ ने भाजपा के बहिष्कार का ऐलान करते हुए विरोध में मतदान करने की शपथ ली है।

संघ ने एक शार्ट मूवी भी रिलीज की है, जिसमें उन्होंने अपनी आपबीती को साझा किया है। संघ इसके लिए शेखावत को जिम्मेदार बता रहा है। पीड़ित संघ ने कहा कि हाईकोर्ट की राहत के चलते शेखावत बचे हुए हैं। बता दें कि गजेंद्र सिंह शेखावत चुनाव प्रचार में लगातार यह बात कह रहे हैं कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने उनको झूठे मामलों में फंसाने में लगी हुई थी। उनकी संजीवनी घोटाले में कोई भूमिका नहीं थी। उधर संजीवनी पीड़ित संघ के अध्यक्ष शांतिस्वरूप वर्मा ने आरोप लगाया कि इस मामले की पहली चार्जशीट में ही शेखावत का कई जगह नाम था, लेकिन चार्जशीट पूरक रखी गई थी। बाद में जांच बढ़ने के साथ आरोपी बढ़ते गए। बाद में शेखावत को हाईकोर्ट से राहत मिल गई और गिरफ्तारी पर रोक लग गई। इसमें सरकारी वकील की गलती थी। इसे सुधारने के लिए एसओजी ने फिर एक रिपोर्ट कोर्ट में सबमिट कर दी, लेकिन उसके बाद से अभी तक सुनवाई नहीं हो पा रही है।

उन्होंने दावा किया कि उस रिपोर्ट में शेखावत की भूमिका का वर्णन किया गया है। वर्मा ने बताया कि जब यह घोटाला हुआ, तो मालिक विक्रम सिंह भूमिगत हो गया। इसके बाद सबसे पहले हम गजेंद्र सिंह शेखावत से मिलने गए और उनको अपनी स्थिति बताई थी, लेकिन कभी उन्होंने लोकसभा में हमारी आवाज नहीं उठाई। संजीवनी में दो लाख 13 हजार लोगों ने निवेश किया था।

---

**राजस्थान कच्ची बस्ती महासंघ ने सौंपा ज्ञापन**

## कच्ची बस्तियों के विकास के लिए आयोग के गठन की उठी मांग

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान कच्ची बस्ती महासंघ का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों से मिला और प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी व अन्य नेताओं के नाम ज्ञापन अधिकृत पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

वहीं पास ही स्थित जयपुर शहर लोकसभा प्रत्याशी मंजू शर्मा के कार्यालय पर प्रतिनिधिमंडल ने पार्टी पदाधिकारियों से मिलकर अपनी बात रखी। पार्टी द्वारा अधिकृत भाजपा पदाधिकारी व चुनाव संयोजक डॉ. एसएस



अग्रवाल, सह संयोजक केदार शर्मा व अनिल शर्मा से प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर अपनी बात रखी। वहीं डॉ. अग्रवाल, केदार शर्मा एवं अनिल शर्मा ने महासंघ के पदाधिकारियों एवं कच्ची बस्तिवासियों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उनकी सभी आवश्यक एवं उचित मांगों का शीघ्र निस्तारण करेगी। डॉ. अग्रवाल को महासंघ के गोपाल गुजराती, एडवोकेट घनश्याम टेलर व अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपा।

साथ ही कच्ची बस्तीवासियों ने सरकार व प्रशासन का हर स्तर पर सहयोग के लिए आश्वस्त किया। महासंघ के संस्थापक वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. ओपी टांक ने कहा कि प्रदेश की सभी कच्ची बस्तियों के विकास के लिए सरकार को कार्ययोजना बनाकर उनका नियमन करना चाहिए।

---

**लोकसभा चुनाव से पहले बसपा विधायकों ने पार्टी को दिया झटका**

## न्यांगली व गुर्जर शिवसेना (शिंदे) में हुए शामिल

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव की गहमा-गहमी के बीच प्रदेश के दो और विधायकों को पाला बदला है। बसपा के टिकट पर चूरू जिले की सादुलपुर सीट से विधायक बने मनोज न्यांगली और धौलपुर की बाड़ी सीट से विधायक चुने गए जसवंत गुर्जर ने शिवसेना (शिंदे) का दामन थामा है।

मुंबई में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बसपा से आए दोनों विधायकों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। दोनों विधायकों के शिवसेना में शामिल होने की पुष्टि शिंदे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर की है। उन्होंने ने एक्स पर लिखा, 'राजस्थान और महाराष्ट्र का



एक दूसरे के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध है। राजस्थान वीर महाराणा प्रताप की भूमि है तो महाराष्ट्र छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमि है। उनके विचारों को अपनाकर हमारी सरकार आगे बढ़ रही है और इस धरती से दो नए शिलेदारों के शिवसेना में शामिल होने से राजस्थान में शिवसेना और मजबूत हो गई है।' उल्लेखनीय है कि प्रदेश में बीते साल हुए विधानसभा चुनावों में बसपा के 2 विधायकों ने जीत हासिल की थी। दोनों अब शिवसेना के पाले में चले गए हैं। दरअसल किसी एक दल या निर्दलीय विधायक चुने जाने के बाद किसी दूसरे दल को समर्थन देने से उनकी विधानसभा सदस्यता खतरे में नहीं आती है।

---

**कोटा-बूंदी से कांग्रेस प्रत्याशी गुंजल के समर्थन किया प्रचार**

# बिरला ने दस साल में नहीं किया कोई काम, अब जनता सिखाएगी सबक

**बेधड़क | कोटा**

कांग्रेस प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल के समर्थन में प्रचार के लिए पूर्व मंत्री और कोटा उत्तर विधायक शांति धारीवाल मंगलवार को कोटा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्टेशन रोड स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संवाद किया।

इस दौरान धारीवाल ने कहा कि कोटा-बूंदी की जनता बीते 10 साल से ठगी का शिकार हो रही है। ऐसे में अब सबक सिखाने को तैयार बैठी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में हुए विकास कार्यों का जनता को सीधा



लाभ मिल रहा है। जबकि वर्तमान भाजपा सरकार की ओर से पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने से जनता परेशान है। धारीवाल ने कहा कि हमने कोटा का नक्शा बदल दिया है। अब प्रहलाद गुंजल काम करेगा। इसके बाद हाड़ौती के नक्शे को बदलने का काम होगा। उन्होंने कहा कि हमने चार बड़े पुलों का निर्माण हाड़ौती में करवाया था, जिसमें कालीसिंध, परवन, पार्वती और उजाड़ नदी शामिल है। यह काम मैंने इसलिए करवाया, क्योंकि मेरे मन में काम करने की इच्छा थी, लेकिन ओम बिरला के मन में काम करने की इच्छा होती तो आज यह स्थिति नहीं होती। पिछले 5 सालों में इतनी बड़ी कुर्सी उन्हें मिली है। यह राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के बाद तीसरे नंबर की लोकसभा अध्यक्ष की थी। वे चाहते तो क्या कुछ नहीं कर सकते थे। आज जनता हिसाब नहीं मांग रही होती। संवाद कार्यक्रम में महापौर मंजू मेहरा, उपमहापौर सोनू कुरेशी, पूर्व उपमहापौर राकेश सोरल, डॉ. जफर मोहम्मद, पीसीसी महासचिव अमित धारीवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

#### जनता के वोट से कुर्सी पाई, काम कुछ नहीं

धारीवाल ने कहा कि बिरला ने जनता के वोट लेकर अपनी अलग कुर्सी लगवा ली, तो आज आपको बताना पड़ेगा कि आपने क्या-क्या काम किया, लेकिन ओम बिरला एक काम भी नहीं बता सकते हैं, जो उन्होंने इस हाड़ौती की धरती के लिए किया है। धारीवाल ने कहा कि मैं 1984 में जब सांसद बना था, तब अंता में एनटीपीसी लाया था। वहीं, गड़ेपान की चंबल फर्टिलाइजर को सवाई माधोपुर में लगाना चाहते थे, लेकिन मैंने राजीव गांधी से शिकायत की और कहा कि रणथंभौर सेंचुरी है, इसीलिए यह कोटा जिले में स्थापित हुई।

#### बीजेपी में जाने वालों पर कसा तंज

शांति धारीवाल ने कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में जाने वाले नेताओं पर भी तंज कंसते हुए कहा कि चले जाओ कोई दिक्कत नहीं है। जिसको जाना है वह जाएगा, लेकिन जिंदगी भर कांग्रेस के रहे व कांग्रेस की वजह से तुम्हारा अस्तित्व था। चाहे पंकज मेहता हों, मेयर राजीव अग्रवाल राजू भारती या पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित गोविंद शर्मा हों। उनकी कांग्रेस में क्या वक्त थी और कांग्रेस के नाम से जाने जाते थे। भाजपा में जाने के बाद आज ऐसी हालत हैं कि पीछे की सीट भी नहीं मिलती है।

#### राम के आदर्श से परहेज, रावण सा अहंकार

धारीवाल ने कार्यकर्ताओं से यह भी कहा कि हम सब सनातनी हैं और भगवान राम सबके हैं, लेकिन बीजेपी वाले रावण जैसा अहंकार रखकर भगवान श्रीराम के आदर्श को अपने से परहेज कर रही है। भाजपा चुनाव में अलग-अलग पत्र आजमा कर जनता को भ्रम आईटी करने का प्रयास कर रही है, लेकिन जनता बीजेपी का असली चेहरा जान चुकी है। जहां केवल जुमले ही जुमले हैं। विकास, रोजगार, किसान, युवा व महिलाओं से बीजेपी का सरोकार नहीं है। हिंदू सनातन को मानेंगे और मानते भी हैं। उन्होंने बिना नाम लिए हमला करते हुए कहा कि हर घर पर झंडा लगाने के लिए दो करोड़ का ठेका दिया है।

## नवरात्रि

### नौवीं माता मां सिद्धिदात्री



**चैत्र** नवरात्रि की महानवमी पर मां दुर्गा की नौवीं शक्ति मां सिद्धिदात्री की पूजा होती है। चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी पर नवरात्रि का समापन होता है, साथ ही इस दिन राम नवमी का त्योहार भी मनाया जाता है। मां सिद्धिदात्री अष्ट सिद्धि से युक्त हैं। मान्यता है कि नवरात्रि के आखिरी दिन दुर्गा नवमी पर मां सिद्धिदात्री की पूजा करने वालों को समस्त सिद्धियों का ज्ञान प्राप्त होता है, बुद्धि और विवेक में वृद्धि होती है। गंधर्व, किन्नर, नाग, यक्ष, देवी-देवता और मनुष्य सभी इनकी कृपा से सिद्धियों को प्राप्त करते हैं। इस दिन माता की पूजा के बाद हवन, कन्या पूजन किया जाता है और फिर नवरात्रि व्रत का पारण करते हैं। महानवमी के दिन मां सिद्धिदात्री को 9 कमल के फूल लाल कपड़े में रखकर अर्पित करें और फिर चौमुखी घी का दीपक लगाकर 'ॐ सिद्धिदात्र्यै नमः' का 108 बार जाप करें।

### पत्रकार गीता यादव को रीच मीडिया फेलोशिप



**जयपुर।** वरिष्ठ पत्रकार गीता यादव को रीच, चेन्नई की ओर से रीच मीडिया फेलोशिप -2024 के लिए चुना गया है। इसके तहत उन्हें कैंसर विषय पर काम करने के लिए फेलोशिप दी जाएगी। गीता को चेन्नई में ट्रेनिंग लेने के बाद राजस्थान में तीन महीने में रिसर्च वर्क पूरा करना होगा। यह फेलोशिप देश के कुल 16 पत्रकारों को दी जा रही है। इसमें राजस्थान से एकमात्र गीता का चयन हुआ है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## कांवटिया अस्पताल प्रसव प्रकरण: ड्यूटी रोस्टर में गफलत के कारण पैदा हुई असमंजस की स्थिति

# सीनियर रेजिडेंट का निलंबन निरस्त, जांच के लिए कमेटी गठित

**बेधड़क** | जयपुर

कांवटिया अस्पताल प्रसव प्रकरण में चिकित्सा शिक्षा विभाग ने सीनियर रेजिडेंट डॉ. सुषमा का निलंबन निरस्त किया है। साथ ही ड्यूटी रोस्टर में गफलत के कारण डॉ. सुषमा के निलंबन को लेकर उत्पन्न हुई स्थिति तथा पूरे प्रकरण की पुनः जांच के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया है।

उल्लेखनीय है कि हरिबक्श कांवटिया अस्पताल में एक महिला का 3 अप्रैल को अस्पताल परिसर में प्रसव हो गया था। इस प्रकरण की जांच में प्रथम दृष्टया सीनियर रेजिडेंट डॉ. सुषमा को भी दोषी मानते हुए निलंबित किया गया था। बाद में डॉ. सुषमा ने अभ्यावेदन प्रस्तुत कर बताया कि ड्यूटी रोस्टर के अनुसार उनकी फ्लोर ड्यूटी प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक थी और यह प्रकरण 3 अप्रैल को शाम करीब 6:30 बजे घटित हुआ। उस समय डॉ. सुषमा ऑन कॉल ड्यूटी पर थी और जूनियर डॉक्टर द्वारा सूचित करने पर अस्पताल पहुंच गई थी।




### एसीएस ने जारी किए आदेश

प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक मेडिकल कॉलेज, जयपुर की रिपोर्ट में डॉ. सुषमा को प्रकरण घटित होने के समय फ्लोर ड्यूटी पर अनुपस्थित होना बताया गया। डॉ. सुषमा के अभ्यावेदन पर पुनः जांच में पाया गया कि वह घटना के समय ऑनकॉल ड्यूटी पर थी और सूचना मिलने पर अस्पताल में उपस्थित भी हो गई थी। प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक मेडिकल कॉलेज जयपुर की पुनः जांच के बाद प्रेषित रिपोर्ट में इस स्थिति से अवगत करवाया गया। इसके बाद अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह के निर्देश पर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने डॉ. सुषमा का निलंबन वापस लेने के आदेश जारी कर दिए हैं।

### 7 दिन में जांच कर रिपोर्ट सौंपेगी कमेटी

साथ ही ड्यूटी रोस्टर को लेकर पैदा हुई असमंजस की स्थिति तथा पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच के लिए नई कमेटी का गठन किया है। अतिरिक्त मिशन निदेशक, एनएचएम, अरूण गर्ग की अध्यक्षता में गठित इस कमेटी में उप निदेशक चिकित्सा शिक्षा खेमाराम यादव, महिला चिकित्सालय जयपुर की वरिष्ठ आचार्य डॉ. आशा वर्मा एवं डॉ. ज्योत्सना व्यास तथा जनाना अस्पताल की आचार्य डॉ. अदिति बंसल सदस्य होंगे। यह कमेटी 7 दिन में प्रकरण में जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

## हाई कोर्ट ने दी छूट, कहा- राजस्थान सरकार लगाम नहीं लगा सकती

# अब CBI करेगी बजरी माफिया पर दर्ज मामलों की भी जांच

**बेधड़क** | जयपुर

हाई कोर्ट ने कहा कि प्रदेश में बजरी माफिया, पुलिस और खान विभाग की मिलीभगत से अवैध खनन हो रहा है। ऐसे में इन मामलों पर सरकार लगाम नहीं लगा सकती। इसलिए इस मामले को सीबीआई को ट्रांसफर किया जाता है। सीबीआई को यह छूट दी जाती है कि वह चंबल और बनास नदी के आसपास के क्षेत्र में बजरी माफिया पर दर्ज मामलों की भी जांच कर सकती है। जस्टिस समीर जैन की अदालत ने बजरी के अवैध खनन और परिवहन से जुड़े एक आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिए। कोर्ट ने सीबीआई डायरेक्टर को निर्देश दिए कि वे इन मामलों की जांच करके 4 सप्ताह में कोर्ट में प्राथमिक रिपोर्ट पेश करें।



### दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांगी थी एक्शन टेकन रिपोर्ट

दरअसल, हाई कोर्ट ने आरोपी जब्बार की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए 29 फरवरी को एसीएस (होम) से मामले में दोषी अधिकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई को लेकर एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी थी। 9 अप्रैल को हुई सुनवाई में सरकारी अधिवक्ता शेर सिंह महला ने कोर्ट को बताया कि उन्होंने एसीएस (होम), बूंदी एसपी, मामले के जांच अधिकारी को कोर्ट के आदेश से अवगत करवाया था। लेकिन, बूंदी एसपी की ओर से तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश कर खानापूर्ति की गई है। कोर्ट ने इस मामले में 9 अप्रैल को सुनवाई पूरी कर आदेश सुरक्षित रख लिया था, जो आज सुनाया गया।

### कोर्ट को गुमराह करने का प्रयास किया

कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पुलिस और खान विभाग बजरी माफिया के खिलाफ कागजी अभियान चलाते हैं। जब कार्रवाई की बात आती है तो कुछ नहीं किया जाता। इससे लगता है अधिकारियों को परवाह नहीं है। पुलिस और खान विभाग की बजरी माफिया से मिलीभगत जाहिर होती है। इस मामले में भी कोर्ट को गुमराह करने का प्रयास किया गया है।

### 16 मई तक टाली सुनवाई

कोर्ट ने आरोपी जब्बार के जमानत प्रार्थना पत्र पर अंतरिम आदेश देते हुए सुनवाई 16 मई तक टाल दी है। कोर्ट ने आदेश की कॉपी सीबीआई निदेशक, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और खान निदेशक को भी भिजवाई है।

### पुलिस की जांच लचर प्रवृत्ति की रही

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा- इस मामले में भी पुलिस की जांच लचर प्रवृत्ति की रही। कोर्ट के आदेश के बाद भी न जांच अधिकारी पेश हुआ और न संबंधित रिकॉर्ड पेश किया गया। बूंदी पुलिस ने भी बजरी माफिया पर की गई कार्रवाई का रिकॉर्ड नहीं रखा। अधीनस्थ न्यायालय ने आरोपी की जमानत याचिका को खारिज करते हुए मुख्य सचिव कार्यालय को दिशा निर्देश दिए थे। इसके बावजूद मुख्य सचिव कार्यालय से किसी तरह का सहयोग नहीं मिला। कोर्ट ने कहा- बजरी माफिया केवल राज्य का राजस्व नुकसान नहीं कर रहे बल्कि अवैध बजरी खनन से पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

## चारों जोन में चलाया अभियान

# हेरिटेज निगम स्वच्छता और मतदान के लिए किया जागरूक



**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए नगर निगम जयपुर हेरिटेज क्षेत्र में मंगलवार को मतदान जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा स्वच्छता के लिए आमजन को जागरूक किया गया।

हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि आदर्श नगर जोन के अंतर्गत स्थित वार्ड नंबर 91 के आनंदपुरी पार्क में उपायुक्त युगांतर शर्मा द्वारा स्वच्छता का निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्वच्छता बनाए रखने के लिए उन्होंने घरों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे के निस्तारण के लिये कचरा अलग-अलग चयनित पात्रों में डालकर कचरा कूड़ा गाड़ी में डालने के लिए आमजन से आग्रह किया। वहीं, सिविल लाइन जोन के वार्ड नंबर 40 मे हसनपुरा रोड नियर एनबीसी में स्वीप के तहत मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया।

सिविल लाइन जोन के वार्ड नंबर 33 में रामनगर और सुभाष कॉलोनी में उपायुक्त मनीषा यादव द्वारा ओपन कचरा डिपो और डोर टू डोर कचरा व्हीकल का निरीक्षण किया गया। आदर्श नगर जोन के वार्ड नंबर 93 में जवाहर एनक्लेव अपार्टमेंट के बगल में ओपन कचरा डिपो का निरीक्षण उपायुक्त युगांतर शर्मा द्वारा किया गया। हवामहल आमेर जोन में शास्त्री नगर सर्किल पर उपायुक्त करतार सिंह, सरोज ढाका व डीपीओ अमित शर्मा ने सीफार एनजीओ की महिला सदस्यों के सहयोग से सूखा व गीला कचरा प्रबंधन करने के बारे में आमजन से सम्पर्क कर जागरूक कर स्वच्छता का संकल्प दिलाया गया।

## चिकित्सा विभाग ने जारी किए दिशा-निर्देश

# मॉक ड्रिल करें, फायर फाइटिंग उपकरणों की हो नियमित जांच

**बेधड़क** | जयपुर

गर्मी के मौसम के दौरान आगजनी की घटनाओं से बचाव के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने चिकित्सा संस्थानों में अग्नि सुरक्षा नियमों की पालना करने तथा अविलम्ब फायर एनओसी प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं।

निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने सभी संयुक्त निदेशक जोन एवं समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को पत्र में निर्देश दिए हैं कि सभी चिकित्सा संस्थानों में फायर फाइटिंग उपकरणों की क्रियाशीलता का नियमित निरीक्षण किया जाए। वर्ष में दो बार इलेक्ट्रिक लोड ऑडिट और विद्युत उपभोग की समीक्षा की जाए।

विद्युत उपभोग अधिक पाए जाने पर मानकों के अनुरूप इलेक्ट्रिक सिस्टम को अपग्रेड कराने की कार्यवाही की जाए। ऑक्सीजन टैंक, ऑक्सीजन पाइपलाइन आदि के संबंध में नो-स्मोकिंग पॉलिसी की सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाए। हाई-ऑक्सीजन एरिया के आस-पास समुचित रूप से चेतावनी बोर्ड लगाए जाने के साथ ही इन स्थानों पर प्रशिक्षित स्टाफ नियोजित किया जाए। पत्र में कहा गया है कि सभी चिकित्सा संस्थानों में स्मोक डिटेक्टर, फायर अलार्म आदि आवश्यक रूप से लगाए जाएं और हर माह इनकी क्रियाशीलता की जांच की जाए।

अस्पताल निर्माण एवं साज-सज्जा में उपयोग किया जाने वाला सामान यथासंभव अग्निरोधी हो। पत्र में निर्देश दिए गए हैं कि चिकित्सा संस्थानों की आधारभूत संरचना में नेशनल बिल्डिंग कोड-2016 के फायर सेफ्टी मानकों की पालना सुनिश्चित की जाए।

## बजरंगदल और विहिप ने किया प्रदर्शन

# भगवा ध्वज उतारने वालों का पुतला जलाया

**बेधड़क** | जयपुर

विश्व हिंदू परिषद-बजरंगदल विद्याधर के कार्यकर्ताओं ने रामनवमी एवं नवरात्रि पर लगाए गए भगवा ध्वज उतरवाने वालों का मंगलवार को पुतला जलाकर प्रदर्शन किया।

जिला मंत्री आशीष भारद्वाज ने बताया कि कांग्रेस कमेटी द्वारा विश्व हिन्दू परिषद की झूठी शिकायत को लेकर नगर निगम ने रामनवमी पर्व से पूर्व ही शहर में लगे सभी भगवा ध्वजों को उतार दिया गया। इससे हिन्दू समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। संगठन को मजबूर होकर जन प्रदर्शन करना पड़ा। उन्होंने यह भी बताया कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है। अब हिंदू जाग चुका है, यह तुष्टिकरण नहीं चलने देंगे। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा आज बजरंगदल महानगर संयोजक सुमित खंडेलवाल के नेतृत्व मे बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने छोटी चौपड़ रोजगारेश्वर महादेव मंदिर पर एकत्रित होकर शहर में फिर से भगवा ध्वज लगाए।



सुमित खंडेलवाल ने बताया कि कांग्रेस का चरित्र अब सबके सामने आ चुका है। वह हिंदू विरोधी और भगवान राम विरोधी पार्टी है, जिसने पूर्व में कर्नाटक में बजरंगदल को भी प्रतिबंधित करने जैसी बात कही थी।

## राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस

# जब भी मदद की जरूरत हो निसंकोच पुलिस के पास पहुंचे जनता: साहू

**बेधड़क** | जयपुर

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने कहा कि आज प्रदेश के पुलिस बेड़े में शामिल करीब 1 लाख पुलिसकर्मी और अधिकारी आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय' के ध्येय वाक्य को जेहन में रखकर तत्परता से कार्य कर रहे हैं।

आम नागरिक पुलिस से किसी भी प्रकार की सहायता या मदद की आवश्यकता होने पर निः संकोच होकर थानों, पुलिस चौकियों या उच्चस्थ पुलिस अधिकारियों के कार्यालयों में सम्पर्क करें। डीजीपी साहू राजस्थान पुलिस की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित औपचारिक कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि राजस्थान पुलिस ने अपनी 75 वर्षों की गौरवमयी यात्रा में प्रदेश में कानून- व्यवस्था, शांति, आपसी प्रेम और भाईचारे की परम्पराओं को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए अविस्मरणीय योगदान दिया है। राजस्थान पुलिस को इस मुकाम तक पहुंचाने में एक से बढ़कर एक जांबाज अधिकारियों और जवानों की अहम भूमिका रही है। इसके लिए मौजूदा पुलिस फोर्स के साथ ही सभी पूर्व पुलिस अधिकारी और सेवानिवृत पुलिसकर्मी अभिवादन और प्रशंसा के पात्र हैं।



### अधिक सजगता दायित्व निर्वहन का लें संकल्प

डीजीपी ने आह्वान किया कि राजस्थान पुलिस के स्थापना दिवस के खास मौके पर प्रदेश पुलिस बल के जवान और अधिकारी, इस बात का संकल्प लें कि वे आने वाले समय में अधिक सजगता एवं सर्तकता के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे। वहीं जनमानस में पुलिस की विश्वसनीयता तथा कर्तव्यपरायणता की पहचान को और मजबूत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। पुलिस मुख्यालय में आयोजित इस औपचारिक कार्यक्रम में मौजूद राजस्थान पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक दूसरे को पुलिस दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए अपनी खुशी का इजहार किया। इस मौके पर एडीजी और आईजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### शहीदों के त्याग और बलिदान को किया नमन

डीजीपी ने राजस्थान पुलिस के अमर शहीदों के त्याग और बलिदान को नमन करते हुए उन्हें पूरे पुलिस परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि हमारे पुलिसकर्मियों ने कर्तव्य के पथ पर अडिग रहते हर प्रकार की चुनौतियों से लोहा लेते हुए अपराध नियंत्रण और नागरिक सुरक्षा के क्षेत्र में समर्पित भाव से जनसेवा की मिसाल कायम की है।

जरूरी खबर

## 5,718 पुलिसकर्मी संभालेंगे सुरक्षा का मोर्चा



**अजमेर।** लोकसभा चुनाव में सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने भी कमर कस ली है। निष्पक्ष, निर्भय और शांतिपूर्वक मतदान करवाने के लिए 5 हजार 718 पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को ड्यूटी पर लगाया गया है। अजमेर में 168 क्रिटिकल बूथ चिह्नित किए हैं, जहां सुरक्षाकर्मी तैनात करने के साथ ही वीडियोग्राफी भी करवाई जाएगी। अजमेर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र बिश्नोई ने बताया कि 2 हजार 347 पुलिसकर्मियों को अन्य जिलों से बुलाया गया है।

## बिना फायर एनओसी चल रहे तीन हॉस्टल सील

**कोटा।** कुन्हाड़ी इलाके के हॉस्टल में आग लगने के बाद एक्शन मोड में आए नगर निगम के अग्निशमन विभाग ने मंगलवार को तीन और हॉस्टलों को फायर एनओसी नहीं होने पर सीज किया। इधर, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के निर्देश पर जयपुर डिस्कॉम ने भी पांच सदस्यीय कमेटी बनाकर जांच शुरू की है। कोटा नगर निगम के मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि मंगलवार को तीन हॉस्टलों को सीज किया गया है। बीएल रेजिडेंसी, ज्ञानश्रम और आन्या हॉस्टल पर कार्रवाई की गई है। इसके पहले आग लगने वाले हॉस्टल आदर्श रेजिडेंसी के अलावा ज्ञानदीप व पारस जीवनदीप हॉस्टल को भी सीज कर दिया था।

## पेट्रोल-डीजल के भंडारण को लेकर दिए निर्देश



**सिरोही।** जिला निर्वाचन अधिकारी शुभम चौधरी ने मंगलवार को आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आगामी आदेश तक जिला मुख्यालय पर 8 हजार लीटर डीजल, 15 सौ लीटर पेट्रोल और 100 लीटर ऑयल तथा अन्य स्थानों पर 4 हजार लीटर डीजल, 15 सौ लीटर पेट्रोल एवं 100 लीटर ऑयल रिजर्व रखने के आदेश दिए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी शुभम चौधरी के अनुसार जिला मुख्यालय के पेट्रोल पंपधारी को 8000 लीटर डीजल, 3000 लीटर पेट्रोल, 100 लीटर ऑयल तथा जिला मुख्यालय से अन्य स्थानों के पेट्रोल पंपधारी को 4000 लीटर डीजल, 1500 लीटर पेट्रोल व 100 लीटर ऑयल आरक्षित रखने के आदेश दिए हैं।

### कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने महात्मा ज्योतिबा और सावित्री बाई फुले की मूर्तियों का किया अनावरण

# समाज को शिक्षित करने मे फुले दंपती ने निभाई बड़ी भूमिका

बेधड़क | चाकसू

कस्बे के निकटवर्ती गांव रामपुरा बुजुर्ग स्थित सैनी समाज विकास समिति द्वारा बालिका छात्रावास परिसर के मुख्य द्वारा पर लगाई गई समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फूले व सावित्रीबाई फुले की मूर्तियों का अनावरण मंगलवार को राजस्थान सरकार में केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने किया।

इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा सहित समाज के कई नेता मौजूद रहे। इस अवसर पर केबिनेट मंत्री गहलोत ने सैनी समाज के लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्रीबाई फुले ने अपना जीवन समाज को शिक्षित करने में लगा दिया।



फुले दंपति के लंबे सघर्ष से समाज में शिक्षा का उत्थान हुआ है। गहलोत ने वर्तमान समय में मोबाइल फोन से छोटे बच्चों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर चर्चा करते हुए उन्हें इससे दूर रखने की बात कही।

वहीं कम उम्र के बच्चों पर सामाजिक रूप से पड़ने वो दुष्प्रभावों के बारे में भी चर्चा करते हुए कम उम्र के बच्चों को मोबाइल से दूर रखने का आह्वान किया। उन्होंने बालक-बालिकाओं को पारिवारिक संस्कार देकर एक अच्छा नागरिक बनाने की अपील की।

### फुले दंपती के आदर्शों को करें आत्मसात

इस अवसर पर विधायक रामावतार बैरवा ने भी फुले दंपती के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके आदर्शो को जीवन में आत्मसात करें। उन्होंने समाज सुधार के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। समाज में बालिका शिक्षा को बढ़ाने और बालिकाओं को शिक्षित करने के लिए उन्होंने काफी संघर्ष किया। आज समाज को उनके पदचिह्नों पर चलते हुए समाज में शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए। कार्यक्रम में दौसा जिला प्रमुख हीरालाल सैनी, भावना सैनी सहित अतिथियों का आयोजन समिति की ओर से स्वागत-सम्मान किया गया।

### 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

समिति अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद अजमेरा व सचिव रामरतन सैनी ने बताया कि समारोह स्थल पर बुधवार को रामनवमी के मौके पर बुधवार को सैनी समाज के 51 जोडों का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन के तहत मंगलवार को रामपुरा गांव में स्थित बालाजी मंदिर से आयोजन स्थल तक विशाल 1100 महिलाएं कलश यात्रा निकाली गई। विधायक रामावतार बैरवा ने कलश शोभायात्रा को रवाना किया। जिसमे सैकडों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर ऑल इंडिया सैनी समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ताराचंद गहलोत, भवानी शंकर माली, भावना सैनी, सांगानेर जिला अध्यक्ष हनुमान सैनी सहित चाकसू , कोटखावदा, निवाई, दोसा, सागानेर, टोक, सवाईमाधोपुर सहित आसपास के क्षेत्र से बडी संख्या में समाजबंधु ग्रामीण मौजूद थे।

### कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत ने 50 से अधिक गांवों में किया जनसंपर्क

# जालोर, सांचौर, सिरोही विकास में पिछड़े, BJP ने सिर्फ वोट बटोरे

बेधड़क | सांचौर

जालोर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत ने मंगलवार को सांचौर जिला मुख्यालय स्थित लक्ष्मी नारायण मन्दिर में दर्शन कर जनसंपर्क की शुरुआत की। इस दौरान वैभव गहलोत ने स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनी।

आमजन से संवाद के दौरान उन्होंने कहा भाजपा सरकार ने 20 साल में जालोर, सांचौर, सिरोही क्षेत्र से वोट बटोरने के अलावा कुछ नहीं किया। भाजपा के सांसद ने यहां की समस्याएं संसद में नहीं उठाईं और ना ही इस क्षेत्र के लिए कोई परियोजना लेकर आए। उन्होंने कहा कि भाजपा का डबल इंजन जालोर-सिरोही में ही नहीं पूरे देश में फेल हो चुका है। भाजपा सिर्फ झूठ का कारोबार करती है।

उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के नेता सिर्फ जुमलेबाजी कर लोगों को झांसा देने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के सांसद आम लोगों से मिलने अपने क्षेत्र में भी नहीं जाते हैं। वैभव ने कहा कि कांग्रेस की सरकार जनकल्याण के कार्य करती है। चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा, अन्नपूर्णा फूड पैकेट जैसी योजनाएं आमजन के लिए बहुत फायदे की थी, जिन्हें भाजपा ने बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ही सांचौर को जिला बनाया। जैसे पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने जोधपुर का विकास किया वैसे ही अब जालौर और सिरोही को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया जाएगा।



### आज इन गांवों में करेंगे जनसंपर्क

वैभव गहलोत बुधवार को रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के कुड़ा, सांतरू, करवाड़ा, दांतवाड़ा, करडा, तावीदर, सिलासन, मेड़ा, रानीवाड़ा खुर्दा सहित 40 से अधिक गांवों के लोगों से मुलाकात और संवाद करेंगे।

### शहर-गांवों में लोगों ने किया स्वागत

वैभव ने सांचौर विधानसभा क्षेत्र के हाडेतर, डांगरा, धानता, अरणाय, खारा, पमाणा, बिजरोल खेड़ा, देवड़ा, झाब, डीएस ढाणी, रणोदर स्टेशन, सिवाड़ा, परावा, मालियों का गोलिया करावड़ी, चौरा, हरियाली, डावल, सांचौर शहर सहित 50 गांव-शहर के लोगों से मुलाकात की और संवाद किया। इस दौरान ग्रामीणों ने फूलमालाओं से वैभव का स्वागत किया और उन्हें जीत का आशीर्वाद दिया। ग्रामीणों ने वैभव के सामने पिछली कांग्रेस सरकार की योजनाओं की भी खूब तारीफ की। इस अवसर पर वैभव ने जालोर लोकसभा क्षेत्र के लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान उनके साथ पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई, संध्या चौधरी, मांगीलाल, हरेंद्र चौधरी, हिन्दू सिंह, हनुमाना राम, पूर्ण सिंह सहित ग्रामीण व कांग्रेसजन मौजूद थे।

### चाकसू में पायलट ने किया रोड शो

## संविधान को ताक पर रखा जा रहा... देश की जनता अब चाहती है बदलाव



बेधड़क | चाकसू

प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट मगलवार शाम 7 बजे चाकसू पहुंचे। उन्होंने यहां दौसा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी मुरारी लाल मीणा के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने जनसभा को भी संबोधित किया और जनता से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

पायलट के यहां पहुंचने पर कांग्रेस नेताओ ने साफा बांधकर उनका स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक वेदप्रकाश सोलंकी, प्रकाश बैरवा, कांग्रेस प्रत्याशी मुरारी लाल मीणा की पत्नी सविता मीणा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष कविता गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष भरतलाल मीणा, वरिष्ठ नेता गंगाराम मीणा, शिव प्रताप हरसाणा, पूर्व मंडी अध्यक्ष हरिनारायण चौधरी सहित कई कांग्रेस नेता साथ रहे। निमोडिया मोड़ से शुरू हुए रोड शो के दौरान ग्रामीण की भीड़ उमड़ पड़ी। अंबेडकर सर्किल पर सभा को संबोधित करते हुए सचिन पायलट ने कहा कि कार्यकर्ताओ में जो उत्साह और जोश दिख रहा है उससे लगता है कि इस चुनाव में कांग्रेस भारी पड़ेगी। जनता अब प्रदेश और देश में बदलाव चाहती है। भाजपा वाले रोजगार, काला धन को लेकर कई दावे करते है, लेकिन उन्होंने क्या कार्य किए वह जनता जानती है। पायलट ने कहा की भाजपा नेताओं की ओर से संविधान को ताक पर रखा जा रहा है। बदले की भावना से कांग्रेस को खत्म करने का कार्य किया जा रहा है। राजस्थान में लोग बदलाव चाहते है। उन्होंने कहा कि जाति, धर्म को भूलकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें। इस दौरान अन्य वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त किए। पत्रकारों से बात करते हुए पायलट ने कहा हम विधानसभा में हारे जरूर हैं, लेकिन वोट प्रतिशत बहुत ज्यादा है। इससे पहले पायलट ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

### बेरहम शराबी बाप ने गृह क्लेश के चलते ली जान

## जमीन पर पटक कर मासूम की हत्या

बेधड़क | सवाई माधोपुर

नवरात्रि के इन दिनों में जहां भक्त मातारानी के रूप में कन्याओं का पूजन कर रहे हैं वहीं सवाई माधोपुर जिले के बौंली थाना क्षेत्र के गोलपुर गांव में एक बेरहम बाप ने अपनी दो साल की मासूम बेटी की जमीन पर पटक-पटककर हत्या कर दी।

बौंली थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक बालिका के शव को कब्जे में लेकर सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया है। बौंली थानाधिकारी अवतार सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गोलपुर निवासी बाबूलाल रैगर ने अपनी दो वर्षीय बेटी पायल उर्फ काली की हत्या करने की सूचना फोन से थाने पर मिली थी। इसके बाद पुलिस मय जाब्ते के मौके पर पहुंची और घटना स्थल का जायजा लिया।




वहीं स्थानीय लोगों से मामले की जानकारी ली गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आरोपी पिता बाबूलाल ने ही गृह क्लेश के चलते अपनी दो वर्षीय बेटी को जमीन पर पटक-पटककर उसकी हत्या कर दी। स्थानीय लोगों के अनुसार आरोपी बाबूलाल शराब का सेवन कर अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था।

वारदात से पहले आरोपी ने अपनी पत्नी रेखा के साथ मारपीट की। इसके बाद बाबूलाल ने घर के बाहर दो वर्षीय मासूम बेटी को पैरों से उठाकर जमीन पर पटक-पटककर मार डाला। थानाधिकारी अवतार सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा। पुलिस ने आरोपी पिता को डिटेन कर लिया है।

### हैरत और दहशत: जांच में जुटे भू-गर्भ विशेषज्ञ

## 40 फुट गहरे गड्ढे में समाया डेढ़ बीघा खेत

बेधड़क | बीकानेर

जिले से लूणकरणसर से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मंगलवार सुबह गांव में एक खेत की जमीन करीब 40 फुट गहराई तक धंसी हुई नजर आई। घटना के बाद से इलाके के लोगों में दहशत है। सूचना मिलने पर भू-गर्भ विशेषज्ञ मौके पर पहुंचे। विशेषज्ञ पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। घटना लूणकरणसर के सहजरासर गांव की है। जानकरी के अनुसार यहां एक किसान सुबह अपने खेत में पहुंचा तो उसने देखा कि उसके खेत की करीब एक से डेढ़ बीघा जमीन अंदर धंस गई। आस-पास लगे पेड़, सड़क सब इस गड्ढे में समा गए। इसके बाद उसने आस-पास के लोगों को इस बात की सूचना दी तब सभी लोग मौके पर पहुंचे। आमतौर पर जमीन धंसने की घटनाएं माइन्स वाले इलाकों में ही होती हैं, लेकिन चौंकाने वाली बात ये है कि इस इलाके में कोई माइन्स भी नहीं है। यहां के लोग खेती करके ही अपना जीवन यापन करते हैं। फिलहाल इस इलाके में जमीन धंसने से लोगों में डर का माहौल है। अब इसकी जांच होने के बाद ही पता चल सकेगा कि अचानक जमीन अपने आप कैसे धंसी।



### मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए नवाचार

# 51 हजार महिलाओं ने रचाई मेहंदी, वोटिंग का संदेश

बेधड़क | चित्तौड़गढ़

जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक रंजन की अभिनव पहल रंग लाई। मंगलवार को जिले की लगभग 51 हजार महिलाओं ने एक साथ मतदान की मेहंदी रचाई।

लोकसभा चुनाव के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए और मिशन 75 प्लस को प्राप्त करने के लिए आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिले में स्वीप गतिविधि अंतर्गत यह नवाचार किया गया। जिला स्वीप समन्वयक एसीईओ राकेश पुरोहित ने बताया कि जिले में मतदान नहीं करने वाली महिलाओं को जागरूक करने के लिए सभी ग्राम पंचायतों में एक साथ मंगलवार को सुबह 8 से 10 बजे के बीच लगभग 51 हजार महिलाओं की उपस्थिति में उनकी हथेलियों पर मतदान की मेहंदी रचवाई गई। जिसमें मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 लिखा गया। इन महिलाओं में शिक्षा विभाग, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहयोगिनी, राजीविका मिशन समूह की महिला साथिन, एएनएम, की विशेष भूमिका रही। जिला स्वीप टीम और ब्लॉक स्वीप टीम लगातार दो दिन से इस प्रोग्राम की तैयारियां कर रही थी। मतदान की मेहंदी कार्यक्रम को सफल बनाने में 21 से अधिक विभागों सहित, बीडीयो, डीएईआरओ, ब्लॉक स्वीप टीम, ग्राम विकास अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।



### चुनाव पर्यवेक्षक ने सराहा

मतदान की मेहंदी कार्यक्रम के तहत संसदीय क्षेत्र के मंगलवाड़ कस्बे में आयोजित इस कार्यक्रम को देखकर चुनाव व्यय पर्यवेक्षक मुकेश राठौड़ भी अभिभूत हुए। राठौड़ ने प्रेरकों और मतदाताओ का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान मतदाताओं को मतदान की शपथ भी दिलाई गई।

### अधिक से अधिक मतदान का आह्वान

**भीलवाड़ा।** लोकसभा क्षेत्र में मतदान को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता ने मतदाताओं से अधिक से अधिक मतदान करने का आह्वान किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि मतदान के दिन श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश दिया जाएगा, जिससे श्रमिक व कार्मिक आसानी से मतदान कर सकें। जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता ने कहा कि भीलवाड़ा संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान होगा। 26 अप्रैल को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मैं भीलवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं से यही अपील करना चाहूंगा कि लोकतंत्र के इस महान पर्व में अवश्य भागीदारी निभाएं। संसदीय क्षेत्र में भीलवाड़ा जिले की 7 व बूंदी जिले की हिंडोली विधानसभा सीट शामिल है। लोकसभा क्षेत्र में कुल 2221 मतदान केंद्र हैं। वहीं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव आयोग का मूल मंत्र है कि कोई भी मतदाता मतदान से पीछे नहीं छूटना चाहिए। हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उसी अनुरूप हम काम कर रहे हैं। होम वोटिंग में भी भीलवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में हमें अच्छा रेस्पांस मिला है। मतदान के दिन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। गर्मी को देखते हुए छाया, पानी सहित तमाम व्यवस्था रहेंगी। साथ ही कानून-व्यवस्था को भी चाक चौबंद किया गया है।

## मनसा माता के दरबार में उमड़े भक्त, गूंजे जयकारे



**चाकसू।** कोटखावदा रूपाहेड़ी कलां गांव की पहाड़ी पर स्थित मनसा माता मंदिर चैत्र अष्टमी के मौके पर मंगलवार को मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर आकर्षक सजावट की गई तथा माता की मनोहारी झांकी सजाई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने मंदिर में पहुंचकर मातारानी के दर्शन किए और धोक लगाई। माता की मनमोहक झांकी के दर्शन कर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। गौरतलब है कि यहां पहाड़ी पर प्राकृतिक रूप से बनी गुफा में मनसा माता विराजमान है। हर साल हजारों श्रद्धालु 400 फीट पहाड़ी पर सीढ़ियां चढ़कर मातारानी के दर्शन कर मनौतियां मांगते हैं।

मेले में पंचायत प्रशासन की ओर से व्यापक व्यवंस्था की। इस दौरान कई प्रकार की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। वहीं बच्चों के लिए मनोरंजन के साथ भी मौजूद रहे। खिलौना तथा सौंदर्य प्रसाधनों की दुकानों पर खासी चहल-पहल रही।

### साउथ ईस्ट एशिया के पहले ओलंपिक रिसर्च एंड एजुकेशन सेंटर की घोषणा, गुजरात के गांधीनगर में होगा स्थापित

# अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों को मिलेगी ट्रेनिंग

**बेधड़क** | जयपुर

गुजरात के गांधीनगर में ओलंपिक रिसर्च एंड एजुकेशन सेंटर बनने जा रहा है। गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी के वाइस चांसेलर डॉ बिमल पटेल ने बताया कि इसका पूरा नाम भारत सेंटर फॉर ओलंपिक रिसर्च एंड एजुकेशन रहेगा। यह दुनिया का 71वां और भारत और दक्षिण एशिया का पहला सेंटर होगा। इसे भारतीय ओलंपिक संघ के आधिकारिक समर्थन के साथ अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति से आधिकारिक मान्यता दी गई है। केंद्र सरकार संचालित गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी में 23 जून को इंटरनेशनल ओलंपिक डे के दिन इस सेंटर का उद्घाटन होगा। दुनिया के 24 देश में 70 ओलंपिक रिसर्च सेंटर है। भारत के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने का सेंटर का इरादा है। सब से अधिक स्पेन में 11 और चिन में 9 ओलंपिक रिसर्च सेंटर है। जिस देश में ओलंपिक स्टडी - रिसर्च सेंटर है वो देश मेडल टेली में सब से आगे रहते है। ओलंपिक में भारत का रुतबा बढ़ाने का सेंटर का मकसद है। 2036 में भारत में खेले जाने वाले ओलंपिक तक कई खिलाड़ी तैयार होंगे। सेंटर का फोकस रिसर्च एंड एजुकेशन, ग्लोबल इंगेजमेंट और करियर डेवलपमेंट रहेगा। स्पोर्ट्स के साथ जुड़े सभी लोगो के लिए रिसर्च बेस नॉलेज देने का मकसद। सेंटर की घोषणा के मौके पर आरआरयू के कुलपति प्रो.डॉ. बिमल एन. पटेल, उपकुलपति प्रो.डॉ. कल्पेश एच. वन्ड्रा, आरआरयू में सहायक प्रोफेसर और शारीरिक शिक्षा एवं खेल विद्यापीठ के सदस्य उत्सव चावरे ने मीडिया को सेंटर की भूमिका से अवगत करवाया।




### सेंटर का उद्देश्य

राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में भारत सेंटर फॉर ओलंपिक रिसर्च एंड एजुकेशन (बी-कोर) का उद्देश्य ओलंपिक को बढ़ावा देने पर ध्यान देने के साथ विद्वानों, वृत्तिकों, खेल कर्मियों, प्रशिक्षकों और उत्साही लोगों के लिए अनुसंधान-आधारित ज्ञान का प्रसार करने के लिए व देश के भीतर ओलंपिक आदर्शों को बढ़ावा देनेवाले एक केंद्र के रूप में काम करना है। यह केंद्र शैक्षणिक गतिविधियों, व्यावसायिक विकास और खेल प्रबंधन पहलों का समर्थन करने के लिए संसाधनों और सूचनाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करेगा। बी-कोर खेल प्रबंधन, ओलंपिक अध्ययन और संबंधित क्षेत्रों के विभिन्न पहलुओं में रुचि रखने वाले व्यक्तियों के लिए व्यापक अनुसंधान सामग्री और शैक्षिक कार्यक्रम प्रदान करेगा।

### भविष्य की संभावनाएं

ओलंपिक अनुसंधान और शिक्षा के लिए भारत केंद्र की स्थापना संभावित रूप से ओलंपिक के भविष्य के संस्करणों की मेजबानी करने की भारत की आकांक्षाओं के अनुरूप है। खेल शिक्षा और अनुसंधान में उत्कृष्टता की संस्कृति का पोषण करके, आरआरयू का लक्ष्य भविष्य में प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेज़बानी के लिए भारत की तैयारी में महत्वपूर्ण योगदान देना है। बी-कोर खेल प्रबंधन और संबंधित विषयों में सफल करियर बनाने के लिए इच्छुक वृत्तिकों को आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए विशेष पाठ्यक्रम पेश करेगा। बता दें कि अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति स्विट्जरलैंड के लॉजेन में स्थित एक गैर-सरकारी खेल संगठन है। 1894 में पियरे डी कूपर्टिन और डेमेट्रियोस विकेलस द्वारा स्थापित, IOC ग्रीष्मकालीन, शीतकालीन और युवा संस्करणों सहित आधुनिक ओलंपिक खेलों के आयोजन के लिए जिम्मेदार है।

## Yuva स्टोरीज

### अलंकरण समारोह में स्टूडेंट्स ने ली शपथ



**बेधड़क** | जयपुर

महाराजा सवाई भवानी सिंह स्कूल में अलंकरण समारोह 2024- 25 मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ स्कूल प्रार्थना से किया गया स्कूल के सभी बच्चें उसमें शामिल हुए। स्कूल प्रिंसिपल वैदेही सिंह ने बच्चों को बैच लगा कर व शपथ ले कर उनको उनकी जिम्मेदारी के साथ नई भूमिका अपनाने के लिए व आगे बढ़ने की प्रेरणा दी । सभी चुने गए नये प्रतिनिधियों को प्रिंसिपल व टीचर्स ने बधाई दी । कार्यक्रम के अंत में स्टूडेंट्स द्वारा स्कूल गीत गाया गया।

### दिल्ली पब्लिक स्कूल में लगा एजुकेशन फेयर

**बेधड़क** | जयपुर

दिल्ली पब्लिक स्कूल जयपुर ने बच्चों को करियर संवारने और परामर्श सत्र देने के लिए एक विश्वविद्यालय एजुकेशन फेयर का आयोजन किया गया । स्कूल ने ग्यारहवीं और बारहवीं क्लास के लिए एक विश्वविद्यालय की मेजबानी की, जो उच्च शिक्षा विकल्पों में अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। 20 से अधिक शीर्ष अमेरिकी और हांगकांग विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने पाठ्यक्रम, विशेषज्ञता और प्लेसमैंट विवरण साझा किए। उन्होंने प्रवेश में समग्र विकास की भूमिका पर जोर दिया और उपलब्ध विभिन्न पूर्व स्टूडेंट्स पैकेजों और स्कॉलरशिप पर चर्चा की। इस मौके पर प्रिंसिपल डॉ. ऋचा प्रकाश घोष ने कहा करियर की संभावनाओं को अधिकतम करने के लिए एक मजबूत प्रोफाइल बनाना महत्वपूर्ण है। इस फेयर ने स्टूडेंट्स को उनके शैक्षिक पथों की स्पष्ट समझ प्रदान की, जिससे उन्हें अपने भविष्य के प्रयासों के लिए सूचित विकल्प चुनने में सहायता मिली।

### एनआईए में मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना



**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी के जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए) जयपुर में चैत्र नवरात्रि के दुर्गाष्टमी को पुस्तकालय एवं आईटी सेंटर में विद्या की देवी मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा की गई। मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कुलपति प्रो. संजीव शर्मा और डॉ. सुमन शर्मा ने हवन एवं पूजन किया। कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रो. रामकिशोर जोशी, कुल सचिव प्रो. अनीता शर्मा, संयुक्त निदेशक जयप्रकाश शर्मा, उपनिदेशक चंद्रशेखर शर्मा, समस्त विभागाध्यक्ष, चिकित्सक, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने की बड़ी घोषणा

# शहीद और पूर्व सैनिक के आश्रित बनेंगे टीचर

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान का शिक्षा विभाग नई पहल करते हुए पूर्व सैनिकों को सरकारी अध्यापक बनाने की तैयारी में है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने इस संबंध में घोषणा की है कि पूर्व सैनिक बी.एड. के बराबर होंगे, जिन्हें मैरिट और आरक्षण के आधार अध्यापक बनाया जाएगा। साथ ही सैनिकों की आकस्मिक मौत होने या शहीद होने पर वीरांगना या आश्रितों की अनुकंपा नियुक्ति की जाएगी।

उन्होंने कहा कि अब चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि अब वीरांगना या शहीद के परिजन को अनुकंपा पर सरकारी नौकरी मिलेगी। भारत में राजस्थान शिक्षा विभाग पहली बार इसकी पहल कर रहा है और शिक्षा विभाग जल्द ही इसका प्रस्ताव तैयार कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को भेजेगा। रामगंज मंडी में भाजपा के लोकसभा चुनाव कार्यालय के उद्घाटन समारोह के दौरान उन्होंने यह घोषणा की।

### वीरांगना या शहीद के परिजन को अनुकंपा पर सरकारी नौकरी भी

### कई पूर्व सैनिकों ने शिक्षक के पदों के लिए किया है आवेदन




### रिटायर सैनिकों बीएड के बराबर मान्यता

शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि कुछ पूर्व सैनिकों ने शिक्षा विभाग में अध्यापक बनने के लिए आवेदन किया था लेकिन विभाग के अधिकारियों का तर्क है कि पूर्व सैनिकों की शिक्षा ट्रेनिंग शिक्षा विभाग से कम है इसलिए वे अध्यापक नहीं बन सकते। इसी बात को ध्यान में रखकर अब विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि पूर्व रिटायर सैनिकों को बी.एड डिग्री के बराबर मानना पड़ेगा। ऐसे में अब पूर्व सैनिकों को मैरिट और आरक्षण के आधार पर सरकारी अध्यापक बनाएंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि यदि दुर्भाग्यवश भारतीय सैनिकों की सामान्य मौत हो जाती है या वे लड़ाई के दौरान शहीद हो जाते हैं तो शहीद की वीरांगना या आश्रित परिवार को राजास्थान में सरकारी नौकरी देंगे। इस संबंध में प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है, जो जल्द मुख्यमंत्री के पास भेजा जाएगा।

### सैनिकों की शिक्षा ट्रेनिंग, शिक्षा विभाग से कम

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर रामगंजमंडी में बीजेपी चुनाव कार्यालय के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ पूर्व सैनिकों ने शिक्षा विभाग में अध्यापक बनने के लिए आवेदन किया है। शिक्षा विभाग के अधिकारी आनाकानी कर रहे हैं। उनका तर्क है कि पूर्व सैनिकों की ट्रेनिंग अध्यापक बनने के लिए पर्याप्त नहीं है। ऐसे मे अध्यापक बनने की इजाजत नहीं दी जा सकती। मंत्री दिलावर ने कहा कि अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि पूर्व रिटायर सैनिकों को बीएड डिग्री के बराबर मानना पड़ेगा।

### सहायक नगर नियोजक प्रतियोगिता परीक्षा

## RPSC ने विचारित सूची जारी की




**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने सहायक नगर नियोजक (नगर नियोजन विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के तहत पात्रता जांच हेतु अभ्यर्थियों की अतिरिक्त विचारित सूची जारी की गई है। इसमें 24 अभ्यर्थियों को पात्रता जांच हेतु अस्थाई रूप से विचारित सूची में शामिल किया गया है। आयोग ने इस परीक्षा का आयोजन 16 जून 2023 को किया था। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि उक्त परीक्षा के तहत पात्रता जांच हेतु 7 दिसंबर 2023 और 22 फरवरी 2024 को विचारित सूची जारी की गई थी। इनमें अस्थाई रूप से सम्मिलित अभ्यर्थियों के अधिक संख्या में अपात्र पाए जाने के कारण 24 अभ्यर्थियों को अस्थाई रूप से विचारित सूची में सम्मिलित किया गया है। विचारित सूची चयन या वरीयता सूची नहीं है। इसका उद्देश्य मात्र दस्तावेज सत्यापन के माध्यम से चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता सुनिश्चित करना है। अभ्यर्थियों की पात्रता जांच विज्ञापन की शर्तों/नियमों के अनुसार की जाएगी।

पात्रता की समस्त शर्तें नियमानुसार पूर्ण नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की पात्रता आयोग द्वारा रद्द कर दी जाएगी। पात्र पाए गए अभ्यर्थियों में से ही नियमानुसार मुख्य चयन सूची व आरक्षित सूची जारी की जाएगी। दस्तावेज सत्यापन का कार्य काउंसलिंग के माध्यम से किया जाएगा। इसके विस्तृत कार्यक्रम के संबंध में आयोग की वेबसाइट एवं अन्य माध्यमों से यथासमय सूचित कर दिया जाएगा।

### विद्यार्थियों को प्लेनेट डे का समझाया महत्व

## प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति किया जागरूक

**जयपुर**। महाराजा सवाई मानसिंह स्कूल के पृथ्वीराज ऑडिटोरियम में मंगलवार को क्लास 8 के स्टूडेंट्स ने पृथ्वी दिवस विषय के महत्व को समझने के लिए ग्रह बनाम प्लास्टिक पर एक इंटरैक्टिव और सूचनात्मक सत्र में भाग लिया।



थीम का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के बारे में युवा स्टूडेंट्स के बीच जागरूकता बढ़ाना, प्लास्टिक की खपत को कम करने की आवश्यकता, फास्ट-फैशन को समाप्त करने की मांग करना उन प्रौद्योगिकियों में निवेश करना है जो प्लास्टिक के उपयोग को कम कर सकते हैं और प्लास्टिक के उत्पादन में 2024 तक 60% की कमी की मांग करना है। स्टूडेंट्स इस विषय पर स्कूल और समुदाय के लोगों को शिक्षित और जागरूक करने के लिए एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विषय को और सुदृढ़ करेंगे। गतिविधि की शुरुआत एक वीडियो क्लिपिंग के साथ की गई जिसमें बताया गया कि प्लास्टिक किस प्रकार पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है। गतिविधि का उद्देश्य था कि पृथ्वी की सुरक्षा के लिए प्लास्टिक का उत्पादन और उपयोग काफी हद तक कम किया जाना चाहिए। इसके बाद छात्रों के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई।

सर्वोत्तम प्रविष्टियों को वर्गीकृत किया जाएगा और पुरस्कार दिए जाएंगे । स्टूडेंट्स ने एक बार उपयोग होने वाले प्लास्टिक बैग/बोतलों का उपयोग नहीं करने और स्कूल में प्लास्टिक टिफिन बॉक्स नहीं लाने की शपथ ली।

### चित्रकला विभाग ने किया भिति चित्रण



**बेधड़क** | जयपुर

विश्व कला दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान विश्वविद्यालय के चित्रकला विभाग के एम.ए. ड्रॉईंग इन पेंटिंग द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा ललित कला संकाय भवन के सामने स्थित सर्किल को भित्ति चित्रण द्वारा कलात्मक अभिव्यक्ति से रंगा गया। यह कार्य विभागाध्यक्ष प्रो. आई.यू. खान व अन्य शिक्षकों प्रो. तनुजा सिंह, डॉ. अमिता राज गोयल, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, डॉ. जगदीश प्रसाद मीणा, डॉ. कृष्णा महावर के मार्गदर्शन में पूर्ण किया।

**UGC-NET** | **एनटीए ने कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की**

# छात्रों को यूजीसी नेट के लिए आवेदन का इंतजार

### परीक्षा का आयोजन 10 से 21 जून के बीच

**बेधड़क** | जयपुर

यूजीसी नेट परीक्षा के नोटिस का इंतजार बड़ी संख्या में छात्रों को है। कुछ दिनों पहले एनटीए ने परीक्षा की तिथि का ऐलान कर दिया था। ऐसे में छात्रों को बेसब्री से अगले नोटिस का इंतजार है। ऐसे छात्र जो जून में परीक्षा देने वाले हैं, वे आधिकारिक वेबसाइट पर नजर बनाए रखें। यूजीसी नेट परीक्षा के लिए आवेदन के संबंध में अभी तक एनटीए ने कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। लेकिन उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही आवेदन फॉर्म जारी हो सकते हैं। परीक्षा सीबीटी मोड में ली जाएगी। एनटीए द्वारा जारी नोटिस के मुताबिक, इस साल यूजीसी नेट परीक्षा का आयोजन 10 से 21 जून के बीच किया जाएगा। बता दें कि देश भर में कुल 83 विषय के लिए यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। यूजीसी नेट परीक्षा साल में दो बार आयोजित की जाती है, एक बार जून और दूसरी बार दिसंबर महीने में।



### UGC नेट जून 2024 के लिए योग्यता

यूजीसी नेट 2024 रजिस्ट्रेशन के लिए योग्यता के रूप में उम्मीदवार के पास न्यूनतम 55 फीसदी अंको के साथ मास्टर्स डिग्री अथवा समकक्ष क्वालिफिकेशन होनी चाहिए। हांलाकि एससी, एसटी एवं पीडब्ल्यूडी वर्ग के लिए न्यूनतम अंक 50 फीसदी निर्धारित हैं। वहीं मास्टर्स फाइनल ईयर के छात्र भी परीक्षा में शामिल हो सकते हैं लेकिन बाद में उन्हें पास होने का सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना होगा। वहीं यूजीसी नेट 2024 रजिस्ट्रेशन के लिए आयु सीमा की बात करें तो जेआरआफ के लिए यह अधिकतम 30 साल है, जबकि नेट परीक्षा के लिए कोई अधिकतम आयु सीमा नहीं है।

### परीक्षा का पैटर्न

यूजीसी नेट परीक्षा में दो पेपर होते हैं, पेपर वन और पेपर टू। पेपर वन 100 अंकों के होते हैं और पेपर टू 200 अंकों के। यूजीसी नेट पेपर वन की परीक्षा एक घंटे की होगी और पेपर टू दो घंटे की। इस परीक्षा में कोई नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

# रामनवमी है देश का अलौकिक पर्व



विकास सोमानी
एडवोकेट

रामनवमी भारतीय सभ्यता, संस्कृति, आध्यात्म एक ऐसा आदि स्त्रोत है जो हमें रामकृपा प्राप्त करने की अमोध शक्ति प्रदान करता है। ''राम'' शब्द कितना धनाढ्य स्त्रोत है तो हमे एक ही मनोबल बढ़ाने की शक्ति प्रदान करता है। जो हमे सांसारिक भूमिका को साधने का संकल्प पूरा करने में मदद करता है। जी हाँ 'राम' शब्द की महिमा इतनी अपरंपार है, जिसके नाम से ही पत्थर तक तर जाते है। अन्य जीवों का तरना तो प्रभु श्री राम की कृपा पर निर्भर करता है, क्योंकि कहा गया है कि 'जा पर कृपा राम की होई जा पर कृपा करे सब को' निश्चय ही ऐसे कृपालु-दयालु राम का जन्मोत्सव हम प्रत्येक वर्ष की हिन्दु धर्म मास चैत्र की नवमी को मनाया जाता है। क्योकि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी के मध्याह 12 बजे प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव विश्व भर में मनाया जाता है। इस दिन हम ''भए प्रगट कृपाला दीनदयाला कौशल्या हितकारी'' प्रभु श्री राम के दशरथ पिताश्री एंव कौशल्या माता श्री का वर्णन मिलता है। हां इस बार 17 अप्रैल 24 को मनायी जाने वाली रामनवमी का बहुत ही अधिक महत्व है, यह राम नवमी, इसलिए महत्वपुर्ण और विशेष है कि हम 22 जनवरी 24 को अयोध्या, जहां प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर को पुर्नस्थापित करने की सकंल्पना को पूरा करने या यो कहे कि भारतीय जन मन उस अपराध बोध युक्त होने की ओर अग्रसर हुआ है। कयोंकि हम 500 वर्षे से बाबरी मस्जिद के कारण हमारे आराध्य राम का मंदिर जो तत्कालीन मुगल शासन की असहिष्णु विचारो के कारण खण्डित हो गया था। श्री राम लला, जहां जन्मे वहीं उन्हें विस्थापित होने का दंश झेलना पड़ा और हमें पांच वर्षो तक भक्ति भाव की एक ऐसी परीक्षा के ऐसे दौर से गुजरना पड़ा है, हमारी ही सम्पति को अपनी सिद्ध करने के लिए विभिन्न स्थिति - परिस्थिति से दो चार होना पड़ा 6 दिसंबर 1992 को तथाकथित बाबरी मस्जिद को श्री राम भक्तों ने उसे ढहाया और

> *राम भक्त होना इतना आसान नहीं है, यह अधिकार तो श्री राम भक्त हनुमान के पास है। इस चर्चा को और आगे बढ़ायेंगे तो चर्चा बहुत लम्बी हो जाएगी, वैसे भी कहा गया है की "हरी अन्नत हरी कथा अनंता" एक ही विनम्र अनुरोध की अपने सांसारिक कार्यो से समय निकल कर विश्व की ऐतिहासिक - पुनर्स्थापित प्रभु श्री राम के दर्शनों की सौभाग्य प्राप्त करे। प्रभु श्री राम का यह दर्शनीय स्थल, वैश्विक सुविधा युक्त पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित हो चुका है।*

दिसंबर 92 से 22 जनवरी 24 तक की प्रभु श्री रामलला के मंदिर को पुर्नस्थापित होने को अथक यात्रा संपूर्ण हुई। इस अथक यात्रा में एक और जहां देश के करोड़ो ऐसे भक्तगण थे। जिन्हें श्री राम के अलावा और कुछ मंजूर नहीं था, लेकिन क़ानूनी पेचीदिगजो के सामने निरंतर खड़े हुए, अनेको हिन्दू संगठन और राजनैतिक दल भारतीय जनता पार्टी के राजनैतिक एजेंडा जो देश के करोड़ो भक्तों की आस्था और सम्मान की लड़ाई लड़ रहा था। वह सर्वोच्च न्यायालय ने अपने ऐतिहासिक निर्णय दिनांक जिसमे करोड़ो भक्तों के घावों पर मरहम लगाने का किया,मंदिर श्री राम के पुरोत्थान की दिशा का मार्ग प्रशस्त हुआ। यहां यह कहना उचित होगा की कोई निर्णय जब तक शब्दशः क्रियान्वित नहीं होता तो उसका कोई अर्थ नहीं रह जाता। निर्णय न्यायालय का हो, निर्णय आत्मा का हो, समाज का हो जब निर्णय की क्रियान्वित को दृढ़ इच्छा शक्ति के अभाव में उस वह निर्णय प्राणहीन होकर रह जाता है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय प्राणवायु दी और 22 जनवरी 249 नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच ने फैसला सुनाते हुए 2.77 एकड़ की विवादित जमीन को राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्थापित किए जाने वाले ट्रस्ट को हस्तांतरित करने का आदेश दिया. इसके अलावा अदालत ने सरकार को मस्जिद के निर्माण के लिए सुन्नी वक्फ बोर्ड को एक अलग स्थान पर वैकल्पिक पांच एकड़ जमीन आवंटित करने का निर्देश दिया. आदेश जारी करने वाली पांच जजों की बेंच का नेतृत्व तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई ने किया था. पीठ के अन्य चार न्यायाधीश न्यायमूर्ति एसए बोबडे, न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर थे. को 500 वर्षो का संघर्ष सकारात्मक दिशा में परिवर्तित हुआ। 5 अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी.

यहां यह कहना भी उचित होगा की किसी भी सरकार के नेतृत्व को किसी कार्य की सफलता और विफलता का श्रेय जाता है। इसी श्रेणी में करोड़ो देशवासियों की आस्था और श्रद्धा को दृढ़ता, प्रदान करने की दिशा में विश्व पटल पर अमिट छवि बना चुके। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी टीम, के सहकार भाव से उस स्वप्न को साकार कर दिया जो दूर - दूर तक होने की संभावना नजर नहीं आ रही थी लेकिन समय - संयोग - नेतृत्व अपने आप बहुत कुछ समेटे रहते है जो अपनी ही भाषा में उत्तर देते है।

अयोध्या में अपने ही धाम में अपने ही मूलस्वरूप को सिद्ध करने के सांसारिक दृष्टि से प्रमाण देने पड़े क्योंकि प्रभु श्री राम की पहचान मर्यादा पुरषोत्तम के रूप में जनि जाती है। हम नश्वर सांसारिक प्राणी तो उस ईश्वर स्वरूप श्री राम की दया का ही उपयोग कर अपने आप को प्रभु श्री राम की भक्ति के भक्त का अधिकार प्राप्त कर लेते है। लेकिन वो लीलाधारी - विष्णुअवतारी - परवहु श्री राम जो स्वयं संसार - प्रकृति के निर्माता है, हम उन्हें उनका निर्माता होने की पुनः पाप प्रबोध से ग्रस्त हो जाते है क्योंकि हम भूल जाते है की ''हो ही वहीं जी राम रची राका'' जो भी संसार में घटित हो रहा है प्रभु श्री राम की ही लीला है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## रामनवमी आज: घर-घर जय श्रीराम

# अनंत मर्यादाओं के प्रतीक पुरुष श्रीराम



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार



> *श्रीराम वैश्विक इतिहास के सबसे आदर्श पुरुषों में गिने जाते हैं। पुराणों में उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम और श्रेष्ठ राजा बताया गया है। मनुष्य रूप में जन्म लेकर ऋषि विश्वामित्र से विद्योपार्जन के उपरांत पृथ्वी पर उन्होंने रावण सहित असंख्य राक्षसों का संहार कर किया। सत्य, धर्म, दया और मर्यादाओं पर चलते हुए राज किया। उन्होंने जिस तरह राज किया, उसे राम राज कहा गया।*

भारत में राक्षस प्रवृति के संहारक मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और योगीराज श्रीकृष्ण जैसे वीर महापुरुषों को इतिहास में सम्मानपूर्ण स्थान देकर उनके गुणों की पूजा करने की वृहत परंपरा रही है। श्रीराम और श्रीकृष्ण इस देश में दो ऐसी महिमाशाली विभूतियां हुई हैं, जिनका अमिट प्रभाव सम्पूर्ण भारत के जनमानस पर सहस्त्राब्दियों से अनवरत चला आ रहा है। भारत प्राचीन काल से वीर पूजा करने वाला देश रहा है। यहां पर वीरों का बसंत लोगों को प्रेरित करता रहा है। जनसाधारण के जीवन को उन्नत करने के लिए कार्य करने वाले को यहां वीर माना जाता है। उनकी पूजा की जाती है। असहाय लोगों का संबल बनकर जीने वाले यहां भगवान हो जाते हैं। इसके विपरीत संसार के लोगों पर अत्याचार करने अथवा निर्धन और असहाय लोगों को सताने वाले यहां कभी भी सम्मान का पात्र नहीं रहे। त्रेतायुगीन अयोध्या नरेश दशरथ के पुत्र मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के अंदर वे सभी गुण थे, जिनसे जनसाधारण के जीवन की रक्षा हो सकती थी। वैदिक ऋषियों द्वारा निर्मित मर्यादित पथ पर चलने वाले श्रीराम ने अपने आदर्श जीवन से यह स्थापित करने का सफल प्रयास किया कि कोई भी व्यक्ति यदि चाहे तो वह मर्यादित जीवन जीकर संसार का भी कल्याण कर सकता है। श्रीराम दिग्विजयी थे। दूर-दूर तक उन्होंने अपने साम्राज्य का विस्तार किया था। संसार के किसी भी कोने पर उन्होंने अराजक तत्वों को नहीं छोड़ा। संपूर्ण भूमंडल पर उन्होंने आर्यों का शांतिपूर्ण शासन स्थापित किया। फिर भी वह साम्राज्यवादी कदापि नहीं थे। साम्राज्यवाद आर्यों की भावनाओं तक में भी नहीं था। श्रीराम ने किसी के दिल को दुखाकर उसे अपने अधीन करना पाप समझा। मेघ के द्वारा पृथ्वी से जल लेकर वर्षा द्वारा जल उसी को लौटा देने की भांति सत्पुरुषों का लेना भी देने के लिए होता है, अर्थात वे लिए हुए को लौटा देते हैं। श्रीराम ने बाली से किष्किंधा का राज्य तो जीत लिया, परंतु उसे अपने राज्य में नहीं मिलाया। उन्होंने किष्किंधा का राज्य जीत कर बाली के भाई सुग्रीव को दे दिया। इसी प्रकार उन्होंने लंका पर विजय प्राप्त करके उसका राज्य रावण के भाई विभीषण के हाथों में सौंप दिया। श्रीराम को सत्ता स्वार्थ छू तक नहीं पाया था। उन्होंने राज्य विस्तार किया, पर उसमें लिप्त नहीं हुए। उनका यह राज्य विस्तार मानवतावादी शक्तियों के कल्याण के लिए किया गया राज्य विस्तार था। भारत में प्राचीन काल में दीर्घकाल तक धर्म का शासन चलता रहा। इस शासन में व्यक्ति अंतःप्रेरणा से एक दूसरे के साथ काम करने के लिए प्रेरित होता है। वह दूसरों के साथ वैसा ही व्यवहार निष्पादित करता है, जैसा वह दूसरों से अपने प्रति चाहता है। उस समय लोग अपने कर्तव्यों पर ध्यान देते थे। कर्तव्य परायणता को ही धर्म माना जाता था। पूरा समाज कर्तव्यों की डोर में बंधा हुआ था। अपने-अपने अधिकारों को लेकर स्वार्थ प्रेरित अन्याय और अत्याचार कहीं पर भी नहीं था। श्रीराम के त्रेतायुग में धरती पर आगमन के समय समस्त संसार में केवल एक वेद मत ही प्रचलित था। अन्य कोई मत अस्तित्व में नहीं था। सब लोग वैदिक मतानुसार जीवन व्यतीत किया करते थे। एक -दूसरे का सम्मान करते व आदर भाव रखते हुए सबके अधिकारों का सम्मान किया करते थे। स्वहित हेतु लूटमार करने की प्रवृत्ति उस समय के मानव समाज में नहीं थी। निषिद्ध कर्मों को करने में लोग हिचकते थे। इसके उपरांत भी यदि कहीं लोग किसी प्रकार से एक दूसरे के अधिकारों का अतिक्रमण करते थे, हनन करते थे, तो ऐसे अतिक्रमणकर्ता, हननकर्ता का विनाश करना क्षत्रिय वर्ग अपना धर्म मानते थे। ऐसा वे ईश्वरीय व्यवस्था को निर्बाध गति से चलाए रखने के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर करते थे। वैदिक मतानुसार असामाजिक तत्वों का समय पर विनाश नहीं किए जाने से वे समाज के लोगों को जीने नहीं देंगे। यही ध्यान में रख क्षत्रिय उस समय अपना कर्तव्य निर्धारित किया करते थे। श्रीराम ने भी यही किया। वैदिक जीवन पद्धति पर मर्यादित रूप से चलते हुए अपना सम्पूर्ण जीवन व्यतीत कर श्रीराम ने अपने को मर्यादा पुरुषों की उत्तम श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ सिद्ध कर दिया। यही कारण है कि त्रेतायुग में चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को पुनर्वसु नक्षत्र तथा कर्क लग्न में अयोध्या नरेश राजा दशरथ के घर में रानी कौशल्या के गर्भ से अवतरित मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म दिवस श्रीरामनवमी के त्यौहार के रूप में आज भी हर्षोल्लास के साथ चैत्र शुक्ल नवमी को मनाया जाता है। इस वर्ष 2024 में चैत्र शुक्ल नवमी की तिथि 17 अप्रैल दिन बुधवार को पड़ने के कारण इस दिन श्रीरामनवमी का त्योहार मनाया जाएगा।

रामकथाओं के अनुसार रावण का वध करके धरती को पाप मुक्त करने व धर्म की पुनः स्थापना करने के उद्देश्य से भगवान विष्णु ने अपने सातवें अवतार में भगवान श्रीराम के रूप में जन्म लेकर अपने जीवन पथ पर मर्यादित रूप से चलते हुए एक ऐसा आदर्श स्थापित किया कि उनके जीवन की प्रत्येक घटना सभी युग के मनुष्यों लिए प्रेरणास्पद बन गई। श्रीराम के जन्म से लेकर उनके समाधि लेने तक की जीवन में घटित प्रत्येक घटना कुछ न कुछ शिक्षा देकर जाती है। माता पिता की आज्ञा का पालन करने से लेकर वन में सीता हरण के बाद रावण का वध करने तक हर कार्य उन्होंने एक मर्यादा में रहकर किया। रावण की मृत्यु के बाद भी उन्होंने अपने दुश्मन से दुश्मनी नहीं रखी, बल्कि अपने अनुज लक्ष्मण को रावण के पास शिक्षा लेने के लिए भेजा। भगवान राम का चरित्र माता- पिता की सेवा करने, उनकी आज्ञा का पालन करने की शिक्षा देता है। श्रीराम के संबंध में विस्तृत जानकारी वाल्मीकि रामायण, रामचरित मानस और श्रीराम से संबंधित अनेक पौराणिक ग्रंथों में अंकित प्राप्य हैं। दशरथ नंदन श्रीराम अनंत मर्यादाओं के प्रतीक पुरुष हैं। श्रीराम को भगवान के तुल्य और मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। श्रीराम सुख-दुख, पाप-पुण्य, धर्म-अधर्म, शुभ-अशुभ, कर्तव्य-अकर्तव्य, ज्ञान-विज्ञान, योग-भोग, स्थूल-सूक्ष्म, जड़-चेतन, माया-ब्रह्म, लौकिक-पारलौकिक आदि का सर्वत्र समन्वय करते हुए दिखाई देते हैं। इसलिए वे मर्यादा पुरुषोत्तम तो हैं ही, लोकनायक एवं मानव चेतना के आदि पुरुष भी हैं। श्रीराम का सम्पूर्ण जीवन विलक्षणताओं एवं विशेषताओं से ओतप्रोत है, प्रेरणादायी है। उनके मन में विमाता कैकयी और भाई भरत के लिए स्नेह बना रहता है। उनका हृदय करुणा से ओत-प्रोत है। अपने शत्रु रावण का वध कर भी वे पश्चाताप करते हैं। लौकिक जीवन की मर्यादा एवं राजधर्म के निर्वाह के लिए धोबी के ताने सुनकर सीता का परित्याग कर देते हैं। वाल्मीकि रामायण में श्रीराम के ऐसे अनेक गुण बताए गए हैं, जो लोगों में नेतृत्व क्षमता बढ़ाने व किसी भी क्षेत्र में नेतृत्व करने के महत्वपूर्ण सूत्रों में गिने जाते हैं- गुणवान, किसी की निंदा न करने वाला, धर्मज्ञ, कृतज्ञ, सत्यभाषी, दृढ़प्रतिज्ञ, सदाचारी, सहयोगी अर्थात मददगार, विद्वान, सामर्थ्यशाली, प्रियदर्शन, मन पर संयम, अधिकार रखने वाला, क्रोध को जीतने वाला, कांतिमान, वीर्यवान, युद्ध में क्रोधित होने पर देवता भी डर जाएं।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# आत्म-चिंतन



पूरन सरमा
व्यंग्यकार

हम लोग इन दिनों आत्म-मंथन कर रहे हैं। हाईकमान का आदेश था कि यह आत्म-मंथन का समय है, सो चल रहा था आत्म-मंथन। मैंने भी आत्म-मंथन किया-खूब किया, लेकिन पार्टी के हारने का सूत्र हाथ नहीं लगा। बस, मोटी बात यही समझ में आयी कि मैं कहीं गलती पर नहीं था अथवा यह बात सामने आयी कि गठबंधन वाले दल हार जाते तो मेरी पार्टी आसानी से चुनाव में जीत सकती थी। वैसे मैं तो चुनाव जीत गया था, इसलिए मुझे आत्म-चिंतन की आवश्यकता भी नहीं थी, लेकिन पार्टी की हार को हमने सामूहिक जिम्मेवारी के रूप में स्वीकार किया था, इसलिए लाजमी तौर पर आत्म-चिंतन करना पड़ रहा था।

जिन दिनों में आत्म-चिंतन में डूबा हुआ था-उन्हीं दिनों नयी सरकार बन रही थी। हमने कोई टिप्पणी नहीं की और सरकार को बन जाने दिया। चाहते तो हम बोल सकते थे कुछ भी। लेकिन यह सोचकर कि पार्टी की ताजा-ताजा हार हुई है, इसलिए कुछ भी नहीं बोला तथा सभी लोग आत्म-चिंतन करते रहे। सभी लोगों में हमारी पार्टी का प्रवक्ता भी सम्मिलित था, जिसने पार्टी की छवि को बड़बोलेपन से सीधी क्षति पहुँचाई थी। मंत्री मण्डल भी अच्छा खासा बन गया, हम कुछ नहीं बोले। यहाँ तक कि संसद चलने लगी और हम लोग आँखें मूंद कर आत्ममंथन, चिंतन, निरीक्षण तथा अवलोकन करते रहे। सरकार बहुत खुश थी कि विपक्षी दल पस्त हैं और वे अपना मनमाना राज चला रहा हैं। इधर पार्टी हाईकमान ने भी मौन नहीं तोड़ा था। मुझे बार-बार लग भी रहा था कि यह मौन अभी और लम्बा चलने वाला है। हमारे ऋषि-मुनि वर्षों तपस्या करने के बाद ही किसी तत्त्व को प्राप्त करते रहे हैं, उसी तर्ज पर चल रहा था हमारा आत्म-मंथन। आत्म-मंथन की पीड़ा बड़ी गहरी थी। न हम सरकार बना सके और न ही मंत्री बन सके, इसका रंज कम नहीं था। प्रधानमंत्री भी हमीं में से बनाना था।

एक तरह से आत्म-मंथन पूरी तरह रोग, बन गया था। रोग भी नया नहीं पूरी तरह 'क्रॉनिक डिजीज' का रूप ले चुका था। एक दिन मुझे लगा इस तरह तो जीवन यों ही बीत जायेगा। बहती गंगा में हस्त प्रक्षालन नहीं हो पायेगा। पंचवर्षीय योजनाओं का धन वे ही लोग डकार जायेंगे। चुनाव में जो एक करोड़ खर्च किये हैं-उसकी भरपाई कैसे होगी ? हाथ पर हाथ धरे रहने से पार नहीं पड़ेगी। कुछ करना चाहिए। मैंने अपने मित्रों से बात की या तो सरकार गिराने की चालें चलो अथवा दल बदलो, मेरा तो इस दलदल में अब दम घुटने लगा है। पूरी तरह सूखा मरूस्थल है। कण्ठ सूखे जा रहे हैं। दबे स्वर में सभी मित्रों-सहयोगियों ने स्वीकार किया कि स्थिति बड़ी विकट है। उनकी हालत भी बड़ी खराब थी, वे भी आत्म-मंथन में यही कैवल्य प्राप्त कर सके थे। सभी सत्ता के लिए लालायित थे और गलत भी नहीं था। लम्बे समय तक निर्विध्न सरकार चलती रहे, यह हमारे मिजाज के प्रतिकूल था।

एक दिन मैंने हिम्मत करके हाईकमान से ही कहा-'आत्म-मंथन के इस लम्बे दौर से तो पार्टी के संगठन पर कुप्रभाव पड़ सकता है और पार्टी टूट सकती है। इसलिए हमें आत्म-मंथन के कीचड़ से बाहर निकालिये।' वे बोले-'घबराओ नहीं, कीचड़ में कमल खिलता है।' मैंने कहा-'वह तो खिला हुआ है। गठबंधन के लोग गुलछर्रे उड़ा रहे हैं और हम मरूस्थल में पानी की चाहना में भटक रहे हैं।' पार्टी हाईकमान ने मुझसे कहा-'यह अनुशासनहीनता है। तुम्हारे खिलाफ कार्यवाही हो सकती है। अपनी जबान को लगाम दो और चुपचाप आत्म-मंथन में तल्लीन हो जाओ।'

मैं बोला-'मेरा धैर्य जवाब दे रहा है और अब मैं ज्यादा आत्म-मंथन नहीं कर सकता।' वे बोले-'तुम सत्तालोलुप हो-सत्तारूढ़ दल से मिल गये हो। पार्टी से बाहर जाना चाहते हो।' मैं जोरों से चिल्लाया-'हाँ-हाँ मैं बाहर जाना चाहता हूँ। मुझे सत्ता चाहिए। ऐसे तो मैं डूब जाऊँगा। मैं जनसेवा करने नहीं, अपनी सेवा के लिए आया हूँ राजनीति में।' इतना सुनना था कि उन्होंने मुझे पार्टी से छः वर्ष के लिए निकाल दिया तथा मेरे साथ मेरे आठ साथियों को भी। अब तो मजे हो गये। मैं नेता बन गया था। गठबंधन में कुछ दल, दलदल पैदा कर रहे थे। उनको मेरी सख्त आवश्यकता थी। मैंने भी सोचा-आत्म-मंथन किया और पाया कि समर्थन देकर यदि मंत्री पद मिलता है तो मनचाहे कार्य पूरे हो जायेंगे। मैंने समर्थन दे दिया। सरकार गिरते-गिरते बच गयी। मैं भी गिरा, लेकिन सँभल गया। वे लोग अभी भी आत्म-मंथन कर रहे हैं। लेकिन आत्म-मंथन जो मैंने किया और उससे जो निकला, वह लाभदायी था और मैं प्रसन्न था। मेरे साथ जो लोग आत्म-चिंतन कर आये थे, वे भी सुखी थे। इति आत्म-चिंतन पुराण।

## नॉलेज कॉर्नर: ग्रामोफोन के नाम पर रखा गया इस पुरस्कार का नाम

# संगीत की खास पहचान 'ग्रैमी' अवॉर्ड

ग्रैमी के रूप में जाना जाने वाला ग्रैमी अवार्ड संगीत के क्षेत्र में दिया जाने वाला पुरस्कार है। इस अवॉर्ड का नाम मूल रूप से ग्रामोफोन के नाम पर रखा गया। इसलिए इसे ग्रामोफोन अवार्ड भी कहा जाता है। यह संगीत के क्षेत्र में उपलब्धियों को पहचानने के लिए रिकॉर्डिंग अकादमी द्वारा दिया जाने वाला पुरस्कार है। द ग्रैमी नामक इस कार्यक्रम का आयोजन हर वर्ष किया जाता है। जो कि सबसे बड़े संगीत समारोह में से एक है। एक वर्ष के भीतर प्रमुख कलाकारों द्वारा किए गए उम्दा प्रदर्शन के लिए यह अवार्ड दिया जाता है।

### द ग्रैमी की शुरुआत

ग्रैमी अवॉर्ड के दौरान संगीत की दुनिया में काम करने वाले कलाकारों को विभिन्न कैटेगिरी में अवॉर्ड्स दिए जाते हैं। समारोह की शुरुआत 4 मई 1959 को हुई थी और इसी दिन पहला ग्रैमी अवॉर्ड्स समारोह का भी आयोजन किया गया था, जिसमें 1958 के प्रमुख कलाकारों को संगीतमय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया था। 2024 तक ग्रैमी के 66 समारोह हो चुके हैं। हाल ही में 4 फरवरी को इसके 64वें संस्करण का आयोजन किया गया। इस समारोह का आयोजन लॉस एंजिलिस में किया गया।



### पांच भारतीय संगीतकारों ने जीते पुरस्कार

संगीत के क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित 'ग्रैमी अवॉर्ड्स 2024' मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन तथा बांसुरी वादक राकेश चौरसिया सहित पाँच भारतीय संगीतकारों ने पुरस्कार जीते। जाकिर हुसैन ने तीन ग्रैमी पुरस्कार जीते जबकि राकेश चौरसिया ने दो ग्रैमी पुरस्कार अपने नाम किए।

### 2024 के ग्रैमी विनर्स

बेस्ट न्यू आर्टिस्ट- विक्टोरिया मोनेट, सॉन्ग ऑफ द ईयर- बिली इलिश ओ'कोनेल और फिनीस ओ'कोनेल, बेस्ट रॉक एल्बम - दिस इज वाय (परमोर), बेस्ट रॉक सॉन्ग- नॉट स्ट्रॉन्ग इनफ (बाय जीनियस), बेस्ट कंट्री एल्बम-बेल बॉटम कंट्री (लैनी विल्सन), बेस्ट प्रोग्रेसिव एल्बम- एसओएस (SZA), बेस्ट रैप सॉन्ग- साइंटिस्ट एंड इंजीनियर्स (किलर माइक), बेस्ट म्यूजिक वीडियो- आई एम ऑनली स्लीपिंग (द बीटलेस), बेस्ट मेटल परफॉर्मेंस-72 सीजंस (मेटालिका), बेस्ट म्यूजिक फिल्म- मूनेज डेड्रीम (डेविड बॉवी), बेस्ट पॉप डांस रिकॉर्डिंग- पदम पदम (काइली मिनॉग), बेस्ट पॉप वोकल एल्बम- मिडनाइट्स (टेलर स्विफ्ट), रिकॉर्ड ऑफ द ईयर- फ्लावर्स (माइली साइरस) आदि।

### विश्व के तीन बड़े संगीत समारोह

*विशेष रूप से संगीत के लिए किए जाने वाले आयोजन को बिग थ्री के रूप माना जाता है। पूरे विश्व में संगीत के लिए तीन सबसे बड़े वार्षिक संगीत पुरस्कार समारोह होते हैं, जिन्हें बिग थ्री के नाम से जाना जाता है। यह तीन समारोह है... अमेरिकन म्यूज़िक अवाड्र्स, ग्रैमी अवार्ड और बिलबोर्ड म्यूज़िक अवाड्र्स।*

*कंटेंट: बजरंग लाल बुनकर*

### EVM को लेकर जमकर बहस, SC ने किया मतपत्र के जरिए मतदान की समस्याओं का जिक्र और कहा...

# बैलेट पेपर पर लौटने से भी कई नुकसान, मानवीय हस्तक्षेप से समस्या

**एजेंसी** | नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से वोटिंग और वीवीपैट पर्चियों से मिलान की मांग वाली याचिकाओं पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान सर्वोच्च अदालत ने मतपत्र के जरिए गुप्त मतदान से संबंधित समस्याओं की ओर इशारा किया।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बैलट पेपर पर लौटने से भी कई नुकसान हैं। इस मामले पर सुनवाई 18 अप्रैल को जारी रहेगी। जस्टिस संजीव खन्ना ने याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के वकील प्रशांत





भूषण से पूछा कि अब आप क्या चाहते हैं? प्रशांत भूषण ने कहा कि पहला हम वापस पेपर मतपत्रों पर जा सकते हैं। दूसरा फिलहाल 100 फीसदी वीवीपेट(वीवीपीएटी-वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल) का मिलान हो। अदालत ने कहा कि देश में 98 करोड़ मतदाता हैं। आप चाहते हैं कि 60 करोड़ वोटों की गिनती हो। हम सभी जानते हैं कि जब बैलट पेपर से वोटिंग होती थी तब क्या हुआ था।

प्रशांत भूषण ने कहा कि मतपत्र से वोट देने का अधिकार दिया जा सकता है या वीवीपैट में जो पर्ची है, उसे मतदाताओं को दिया जाए। जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि सामान्यतः समस्या तब पैदा होती है, जब मानवीय हस्तक्षेप होता है या जब वे सॉफ्टवेयर या मशीन में अनधिकृत परिवर्तन करते हैं। यदि आपके पास इसे रोकने के लिए कोई सुझाव है, तो आप हमें दे सकते हैं।

### 7 सेकंड के लिए दिखाई देती है पर्ची

प्रशांत भूषण ने वीवीपैट की पर्ची मतदाताओं को देने की मांग के साथ कहा कि मतदाता उसे एक बैलेट बॉक्स में डाल दे। अभी जो वीवीपैट है उसका बॉक्स ट्रांसपेरेंट नहीं। सिर्फ सात सेकेंड के लिए पर्ची वोटर को दिखाई देती है।

### VVPAT की गिनती में लग जाएंगे 12 दिन

वकील संजय हेगड़े ने मांग की कि EVM पर पड़े वोटों का मिलान वीवीपैट पर्चियों से किया जाना चाहिए। जस्टिस खन्ना ने कहा, क्या 60 करोड़ वीवीपैट पर्चियों की गिनती होनी चाहिए? वकील गोपाल शंकर नारायण ने कहा कि चुनाव आयोग का कहना है कि सभी वीवीपैट पर्चियों की गिनती में 12 दिन लगेंगे। एक वकील ने वोट देने के लिए बारकोड का सुझाव दिया। जस्टिस खन्ना ने कहा कि अगर आप किसी दुकान पर जाते हैं तो वहां बारकोड होता है। बारकोड से गिनती में मदद नहीं मिलेगी जब तक कि हर उम्मीदवार या पार्टी को बारकोड न दिया जाए और यह भी एक बहुत बड़ी समस्या होगी।

### कोर्ट ने पूछा- यह आंकड़ा कहां से आया

जस्टिस दीपांकर दत्ता ने प्रशांत भूषण से पूछा कि आपने कहा कि अधिकांश मतदाता ईवीएम पर भरोसा नहीं करते? आपको यह डेटा कैसे मिला? इस पर प्रशांत भूषण ने कहा, एक सर्वेक्षण हुआ था। जस्टिस दत्ता, हम निजी सर्वेक्षणों पर विश्वास नहीं करते। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ईवीएम सही काम कर रहीं है या नहीं ये जानने के लिए हमें डेटा चाहिए होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमने चुनाव आयोग से डेटा मांगा है। कुछ मिसमैच ह्यूमन एरर की वजह से है।

### जर्मनी का उदाहरण मत दीजिए

याचिकाकर्ता के वकील द्वारा जर्मनी के सिस्टम के उदाहरण देने पर जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कहा कि मेरे गृह राज्य बंगाल की जनसंख्या जर्मनी से भी अधिक है। हमें किसी पर भरोसा और विश्वास जताना होगा। इस तरह से व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने की कोशिश मत करिए। इस तरह के उदाहरण मत दीजिए। यह एक बहुत बड़ा काम हैऔर यूरोपीय उदाहरण यहां काम नहीं आते। एक वकील ने आरोप लगाया कि EVM को पब्लिक सेक्टर की कंपनियां बनाती है।

---

### पश्चिम बंगाल में टीएमसी पर प्रधानमंत्री का कड़ा प्रहार

# TMC ने घुसपैठियों और गुंडों को पट्टे पर दे दिया प. बंगाल: मोदी

■ बालुरघाट में रैली को किया संबोधित

**एजेंसी** | कोलकाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पश्चिम बंगाल और बिहार में चुनाव सभाओं को संबोधित किया और विपक्षी गठबंधन पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने पश्चिम बंगाल के बालुरघाट में मंगलवार को एक चुनावी रैली में तृणमूल कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि राज्य की ममता सरकार घुसपैठियों को तो सुरक्षा देती है, लेकिन नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का विरोध कर रही है, जो शरणार्थियों को नागरिकता देता है। उन्होंने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और अपराध हैं। जब केंद्रीय एजेंसियां इन मामलों की जांच करने की कोशिश करती हैं तो उन पर हमला हो जाता है। ऐसा लगता है कि टीएमसी ने घुसपैठियों और गुंडों को राज्य पट्टे पर दे दिया है।

उन्होंने कहा कि टीएमसी को लगता है कि दलित, आदिवासी और गरीब अपनी मर्जी से हिल भी नहीं सकते हैं। लेकिन 2024 का यह चुनाव उन्हें बता देगा कि बाबासाहेब अंबेडकर के लोकतंत्र में दलित, वंचित और आदिवासी टीएमसी के गुलाम नहीं हैं। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने आदिवासी समुदाय की महिलाओं को अपने घुटनों पर झुका दिया लेकिन जल्द ही टीएमसी घुटनों पर आ जाएगी। यहां के आदिवासी समाज के त्याग और बलिदान का देश पर बड़ा कर्ज है। आज भाजपा आदिवासियों और दलितों के सम्मान के लिए लड़ रही है। भाजपा ने ही देश को पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति दी।

### यह भी बोले पीएम मोदी

- घुसपैठियों को सुरक्षा, पर सीएए का विरोध करती है ममता सरकार
- दलित, वंचित और आदिवासी टीएमसी के गुलाम नहीं



### रामनवमी समारोह रोकने की थी साजिश

रामनवमी और रामलला का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा होगा कि रामनवमी पर रामलला अयोध्या स्थित अपने भव्य मंदिर में विराजमान हैं। मुझे पता है कि हर वर्ष की तरह इस साल भी ममता सरकार ने रामनवमी समारोह को रोकने की पूरी कोशिश की है। उन्होंने समारोह को रोकने के लिए कई साजिशें रची हैं। लेकिन जीत हमेशा सत्य की ही होती है। इसलिए अदालत ने रामनवमी के जुलूस के लिए अनुमति दे दी है।

## सीमाचंल: अवैध घुसपैठ से सुरक्षा दांव पर

पीएम मोदी ने बिहार के पूर्णिया में जनसभा में कहा कि वोट बैंक की राजनीति करने वालों ने पूर्णिया और सीमांचल को अवैध घुसपैठ का ठिकाना बनाकर, यहां की सुरक्षा को दांव पर लगाया है। उन्होंने कहा कि अगर वह दोबारा सत्ता में आए तो उनकी सरकार घुसपैठ के खिलाफ कार्रवाई करेगी। देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले सभी तत्व सरकार की नजर में हैं। चार जून का परिणाम सीमांचल की सुरक्षा को तय करेगा। मोदी ने कहा कि पहले अड़ोस-पड़ोस के देश यहां हमला करके चले जाते थे, सीमा पर हमारे जवानों की आए दिन शहादत होती थी। जनता का मन करता था कि इन्हें घर में घुसकर मारो। मोदी ने आपकी इच्छा का पालन किया और इसका नतीजा हुआ कि जो देश हमें आंखें दिखाता था, वो कटोरा लेकर भटक रहा है।

### कांग्रेस ने भारत को समृद्ध बनाने का अवसर खो दिया

इससे पहले पीएम मोदी ने गया में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए विकसित भारत के लिए विकसित बिहार की जरूरत है। यह चुनाव 'विकसित भारत' और 'विकसित बिहार' के लिए है। कांग्रेस ने एक समृद्ध भारत बनाने का अवसर खो दिया। कांग्रेस, राजद ने सामाजिक न्याय के नाम पर केवल राजनीति की। संविधान निर्माताओं का सपना था कि भारत समृद्ध बने। लेकिन, दशकों तक देश पर राज करने वाली कांग्रेस ने मौका गंवा दिया, देश का समय गंवा दिया। पीएम मोदी ने कहा कि मैं गरीबों, पिछड़े वर्गों, दलितों का हूं क्योंकि मैं उन्हीं के बीच से आया हूं।

### मोदी न डरने वाला और ना झुकने वाला

प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग राजनीतिक फायदे के चलते सीएए का विरोध कर रहे हैं, वे यह जान लें, यह मोदी है, जो न डरने वाला है, न ही झुकने वाला है। उन्होंने कहा कि राजग सरकार सीमा पार आतंकवाद को खत्म करने, अनुच्छेद 370 को हटाने और अयोध्या में राम मंदिर जैसे बड़े कार्य करने में सक्षम रही है।

---

### राहुल गांधी ने जनसभा में भाजपा पर कसा तंज

# देश के कुछ उद्योगपतियों की मदद कर रहे हैं PM मोदी

**एजेंसी** | वायनाड (केरल)

कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को दूसरे दिन भी केरल के चुनावी दौरे पर रहे। उन्होंने राज्य के मल्लापुरम में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार चुनिंदा कारोबारियों को निशाना बनाने के लिए अलग तरीके अपना रही है। गांधी ने आरोप लगाया, 'हर छोटे शहर या गांव में कुछ लोग होते हैं जो शारीरिक नुकसान पहुंचाने की धमकी देकर सड़कों पर पैसे वसूलते हैं। मलयालम में आप इस जबरन वसूली को 'कोल्ला आदिक्कल' कहते हैं, लेकिन मोदी इसे चुनावी बॉण्ड कहते हैं। जैसा आम चोर सड़कों पर करते हैं, वैसा प्रधानमंत्री अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री पर देश के कुछ उद्योगपतियों की मदद करने का भी आरोप लगाया।

राहुल ने भाजपा के घोषणा पत्र पर तंज कसा और कहा कि कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में सभी वर्गों के लिए रणनीति बनाई गई है। मैं आप सभी से अपील करूंगा कि आप हमारा घोषणा पत्र पढ़ें। हमने रोजगार, किसानों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं, सभी के लिए रणनीति बनाई है। भाजपा ने भी कुछ वादे किए हैं। उनके पास मुख्यतः दो विचार हैं, एक तो ओलंपिक खेलों को भारत लाना और दूसरा किसी को चांद पर भेजना। बेशक, वे रॉकेट का इस्तेमाल करेंगे, जिसे इसरो बनाएगा। इसरो को कांग्रेस पार्टी ने बनाया, उसका समर्थन किया और विकसित किया।



### अग्निवीर योजना युवाओं का अपमान पुरानी भर्ती प्रक्रिया वापस लाएंगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर अग्निवीर सैन्य भर्ती योजना को लेकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यालय में तैयार की गई और सशस्त्र बलों पर थोपी गई है। गांधी ने कहा कि केंद्र में विपक्षी गठबंधन की सरकार बनते ही अग्निपथ सैन्य योजना को खत्म कर पुरानी स्थायी भर्ती प्रक्रिया वापस लायी जाएगी। एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा, अग्निवीर योजना सेना और देश की रक्षा का सपना देखने वाले बहादुर युवाओं का अपमान है। यह भारतीय सेना की योजना नहीं है बल्कि नरेंद्र मोदी के कार्यालय में बनी योजना है जिसे सेना पर थोपा गया है। उन्होंने कहा, शहीदों के साथ अलग व्यवहार नहीं किया जा सकता, देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले हर व्यक्ति को शहीद का दर्जा दिया जाना चाहिए।

## कांग्रेस के तीन और प्रत्याशी घोषित

**नई दिल्ली** । कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तीन उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की है। इसमें झारखंड की तीन लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई है। गोड्डा से दीपिका पांडे सिंह, चतरा से कृष्णा नंद त्रिपाठी और धनबाद से अनुपमा सिंह को टिकट दिया गया है। गोड्डा सीट पर दीपिका पांडे सिंह का मुकाबला भाजपा उम्मीदवार निशिकांत दुबे से होगा। वहीं चतरा में कृष्णानंद त्रिपाठी के सामने भाजपा के कालीचरण सिंह की चुनौती है।

### असम में रोड शो में बोलीं प्रियंका...

## संविधान बदलना चाहती है केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी

**एजेंसी** | टिटाबोर (असम)

कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा मंगलवार को दावा किया कि केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी संविधान को बदलना चाहती है और अगर ऐसा होता है तो देश के आम लोगों को सबसे ज्यादा नुकसान होगा।

जोरहाट लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी गौरव गोगोई के समर्थन में चुनाव का प्रचार करने के लिए असम पहुंचीं प्रियंका ने टिटाबोर में एक रोड शो के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा,दो-तीन साल पहले विधानसभा चुनाव से पहले मैं असम आई थी, तब चाय बागानों का दौरा किया था। उस समय यह वादा किया था कि अगर कांग्रेस सरकार बनती है तो



हम मजदूरी बढ़ाएंगे। हालांकि, आपने भाजपा को चुना और मजदूरी नहीं बढ़ाई गई। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन के जीतने पर चाय बागान श्रमिकों की दिहाड़ी बढ़ाई जाएगी। प्रियंका ने आगे कहा, मैं आपको फिर बता रही हूं कि हमारे घोषणापत्र में केंद्र में सरकार बनाने पर चाय बागान श्रमिकों की मजदूरी बढ़ाने की गारंटी दी गई है।

---

## बंगाल में पहली बार रामनवमी पर अवकाश

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में रामनवमी के अवसर पर बुधवार को पहली बार सरकारी छुट्टी रहेगी। राज्य की ममता बनर्जी सरकार ने अधिसूचना जारी कर यह घोषणा की है। बंगाल में दुर्गा पूजा, काली पूजा और सरस्वती पूजा बड़े त्योहार के रूप में मनाए जाते हैं। लेकिन रामनवमी पर बंगाल में पहले अवकाश नहीं होता था।

### हेमामालिनी पर अभद्र टिप्पणी मामले में EC की कार्रवाई

# सुरजेवाला 2 दिन नहीं कर पाएंगे चुनाव प्रचार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला पर भाजपा सांसद हेमामालिनी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी मामले में चुनाव आयोग ने कार्रवाई की है। आयोग ने सुरजेवाला को 2 दिनों के लिए चुनाव प्रचार करने से रोक दिया है।

गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस को चेताया था कि चुनाव प्रचार के दौरान महिलाओं



का अपमान नहीं कर सकते। हेमामालिनी पर कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला की टिप्पणी के बाद चुनाव आयोग ने ये हिदायत दी थी। आयोग ने सुरजेवाला को पहले कारण बताओ नोटिस भेजा था। वहीं अब कार्रवाई करते हुए सुरजेवाला के 16 अप्रैल को शाम 6 बजे से 48 घंटे तक किसी भी जनसभा, सार्वजनिक जुलूस, सार्वजनिक रैलियां, रोड शो और साक्षात्कार, मीडिया (इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट, सोशल मीडिया) आदि में सार्वजनिक भाषण देने पर रोक लगा दी है।

### सुरजेवाला ने यह कहा था सफाई में

वहीं, अपने बयान के बाद कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने दावा किया था कि भारतीय जनता पार्टी के आईटी प्रकोष्ठ ने झूठ फैलाने के लिए अभिनेत्री हेमामालिनी से संबंधित टिप्पणी वाले उनके वीडियो में काट-छांट की। वह लोकसभा सदस्य हेमामालिनी का सम्मान करते हैं।

---

**उत्तर प्रदेश की चुनावी चिट्ठी**

# राहुल अमेठी से करेंगे नामांकन दाखिल! अखिलेश के साथ सभा 20 को

**एजेंसी** | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। भाजपा के विजय रथ को थामने के लिए समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक साथ चुनाव सभाएं करने की भी योजना है। दोनों नेताओं के 20 अप्रैल को मुरादाबाद के अमरोहा में संयुक्त जनसभा को संबोधित करने की संभावना है।

जबकि बुधवार को कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी पहली बार राज्य में सहारनपुर से प्रचार अभियान शुरू करेंगी। वह कांग्रेस



प्रत्याशी इमरान मसूद के समर्थन में रोड शो करेंगी। वहीं भाजपा ने दूसरे व तीसरे चरण की सीटों को मथने की तैयारी करली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले 8 दिनों पांच रैलियों और रोड शो करेंगे। वहीं, इस बात के भी फिर



से कयास जारी हैं कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेठी सीट से भी चुनाव लड़ सकते हैं। राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन यहां राजनीतिक क्षेत्रों में इस बात की चर्चा है कि वे 27 अप्रैल को अमेठी से भी नामांकन दाखिल कर सकते हैं। कांग्रेस सूत्र इस बात पर हामी भरते हैं। अमेठी के लिए 26 अप्रैल से 3 मई तक नामांकन दाखिल किए जा सकते हैं।

कांग्रेस उत्तर प्रदेश की 17 लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रही है। अब तक वाराणसी, सीतापुर, इलाहाबाद समेत कई सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है। लेकिन पार्टी ने परम्परागत रूप से गांधी परिवार की सीट रही अमेठी और रायबरेली से उम्मीदवारों की घोषणा अभी तक नहीं की है। दरअसल केरल की वायनाड समेत सभी 20 सीटों पर दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को मतदान होना है। माना जा रहा है कि वायनाड से मतदान के बाद राहुल गांधी अमेठी सीट से नामांकन दाखिल कर सकते हैं।

### अखिलेश ने साधा भाजपा पर निशाना

इस बीच, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक बार फिर भाजप सरकार पर जोरदार हमला बोला है। मैनपुरी से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के नामांकन के बाद मीडिया से बातचीत में अखिलेश ने कहा- 15 लाख तुम्हारे अकाउंट आ गए क्या? किसानों का लोन माफ हो गया क्या? सपा ने अपने घोषणापत्र में लिखा है कि जब कारोबारियों का कर्जा माफ हो सकता है तो हमारे किसान भाइयों का भी कर्जा माफ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कोई दूसरा ऐसा एक्सप्रेस वे नहीं बनवाया, जहां हवाई जहाज उतर सके। कम से कम समाजवादियों ने तो ऐसा कुछ काम किया। जिन फोरलेन सड़कों पर आप लोग चलते हो वे सब भी हमारी देन हैं।

### अब पश्चिम उत्तर प्रदेश को मथेंगे मोदी

दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब दूसरे और तीसरे चरण की सीटों के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश को मथेंगे। प्रधानमंत्री के आगामी दिनों में कई चुनावी रैलियों के साथ ही रोड शो भी प्रस्तावित हैं। पीएम आगामी 19 अप्रैल को अमरोहा लोकसभा सीट के लिए गजरौला में चुनावी रैली करेंगे। जबकि 22 अप्रैल को अलीगढ़ में हाथरस और अलीगढ़ लोकसभा क्षेत्रों की संयुक्त रैली को संबोधित करेंगे। पीएम दूसरे चरण की सीटों में शामिल मेरठ से ही यूपी में अपने चुनावी अभियान का श्रीगणेश किया था जबकि गाजियाबाद में वे रोड शो कर चुके हैं। तीसरे चरण की सीटों के लिए पीएम के कार्यक्रमों का सिलसिला 25 अप्रैल से शुरू होगा। 25 को आगरा (सु.) और फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीटों के लिए पीएम संयुक्त रैली करेंगे। इसी दिन बदायूं व आंवला सीट के लिए दूसरी और शाहजहांपुर में तीसरी रैली प्रस्तावित है।



## जरूरी खबर

### मणिपुर: तेल के टैंकरों को बनाया निशाना

**इंफाल।** मणिपुर के तमेंगलोंग जिले में मंगलवार को हथियारबंद लोगों ने कथित तौर पर ईंधन टैंकरों को निशाना बनाया, जिसमें एक ड्राइवर को गोली मार दी गई। पुलिस ने बताया कि इम्फाल को सिलचर से जोड़ने वाले एनएच-37 पर केइमी गांव के पास हुई गोलीबारी में कम से कम दो ईंधन टैंकर प्रभावित हुए हैं। बताया कि हथियारबंद लोगों ने पहाड़ी की चोटियों से हाईवे पर ईंधन टैंकरों को निशाना बनाकर गोलीबारी की, जिसमें चालक के पैर में गोली लग गई। फिलहाल इनकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। टैंकरों पर गोलियां लगते ही तेल सड़क पर फैलता नजर आया। पुलिस ने कहा है कि इलाके में अतिरिक्त बल भेजा गया है।

### ‘82°E’ ने की रिलायंस के ‘टीरा’ संग साझेदारी



**मुंबई।** ग्लोबल इंडियन आइकॉन दीपिका पादुकोण के सेल्फ-केयर ब्रांड ‘82E’ ने सोमवार को रिलायंस रिटेल के ब्यूटी प्लेटफॉर्म ‘टीरा’ के साथ साझेदारी की घोषणा की। दीपिका का ब्रांड अब टीरा के ऑनलाइन और ऑफलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा। 82E स्किनकेयर और बॉडी केयर प्रोडक्ट के साथ पुरुषों के लिए भी एक खास रेंज लेकर आया है, जिसमें अश्वगंधा बाउंस, लोटस स्प्लैश और हल्दी शील्ड जैसे उत्पाद टीरा पर उपलब्ध होंगे। शुरूआत में 82E के प्रोडक्ट मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और पुणें में टीरा ऑफलाइन स्टोर्स पर उपलब्ध होंगे।

### नौसेना ने पकड़ी नशे की बड़ी खेप, 940 KG ड्रग्स जब्त

**नई दिल्ली** । नौसेना ने नशे की एक बड़ी खेप पकड़ी है। नौसेना के मार्कोस कमांडोज की एक टीम ने अरब सागर में ऑपरेशन चलाकर एक नौका जब्त की, जिसमें बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ भरे थे। नौसेना ने बताया कि मार्कोस कमांडोज आईएनएस तलवार पर सवार होकर समुद्रीय सुरक्षा ऑपरेशनपर थे। समुद्र में गश्ती के दौरान नौसेना के जवानों ने पश्चिमी अरब सागर में एक संदिग्ध नौका देखी। इसके बाद नौसेना के कमांडोज ने ऑपरेशन चलाकर नौका से 940 किलो प्रतिबंधित ड्रग्स जब्त की। इस ऑपरेशन में मार्कोस कमांडोज के साथ ही कंबाइंड टास्क फोर्स के जवान भी शामिल रहे। नौसेना ने ये भी बताया कि जब्त की गई प्रतिबंधित ड्रग्स का अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप निपटारा कर दिया गया।

## मछली पकड़ने की नौका बचाई





**करवार।** भारतीय तटरक्षक बल ने कर्नाटक के करवार तट के निकट समुद्र में फसी मछली पकड़ने की एक नौका को सुरक्षित बाहर निकाल तट पर लाई। इस छोटे जहाज रोजरी का इंजन कर्नाटक के कारवार से लगभग 215 समुद्री मील की दूरी पर खराब हो गया था।

### गनीमत है मोदी ने अबकी बार 600 पार नहीं कहा



**बेंगलुरु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पहले ही अगले पांच साल के कार्यक्रमों के लिए सचिवों की बैठक बुला रहे हैं। इस तरह का अतिआत्मविश्वास और घमंड देश और लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। गनीमत है मोदी ने यह नहीं कहा-अबकी बार 600 पार। खरगे ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन के प्रधानमंत्री पद के चेहरे का मुद्दा चुनाव के नतीजों के बाद ही सुलझाया जाएगा। पहले हमें चुनाव जीतने की जरूरत है। चुनाव जीतने के बाद घटक दलों की जैसी स्थिति होगी, उसी आधार पर चर्चा व फैसला लिया जाएगा। कर्नाटक से राज्यसभा सांसद ने कहा कि जिस तरह कांग्रेस ने कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव जीत लिया था चीजें बहुत सकारात्मक और अच्छी लग रही हैं।

## मॉब लिंचिंग के मामलों में सुनवाई: शीर्ष अदालत सख्त

# SC ने राज्यों से पूछा क्या कार्रवाई की?, हलफनामा करें दाखिल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को विभिन्न राज्य सरकारों से कथित गोरक्षकों और भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामलों पर की गई कार्रवाई के बारे में छह सप्ताह में अवगत कराने को कहा। जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने एक महिला संगठन की याचिका पर सुनवाई छह सप्ताह बाद करने का फैसला किया।

याचिका में अनुरोध किया गया था कि राज्यों को कथित गोरक्षकों द्वारा मुसलमानों के खिलाफ मॉब लिंचिंग की घटनाओं से निपटने के लिए शीर्ष अदालत के 2018 के एक फैसले के अनुरूप तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाए।

पीठ ने कहा, हमने पाया कि ज्यादातर राज्यों ने मॉब लिंचिंग के उदाहरण देने वाली रिट याचिका पर अपना जवाबी हलफनामा दायर नहीं किया है। राज्यों से यह उम्मीद की गई थी कि वे कम से कम समय में इसका जवाब देंगे कि ऐसे मामलों में क्या कार्रवाई की है। एक बार फिर हम उन राज्यों को छह सप्ताह का समय देते हैं जिन्होंने जवाब दाखिल नहीं किए हैं।



### हरियाणा के पुलिस महानिदेशकों को नोटिस जारी

शीर्ष अदालत भाकपा से जुड़े संगठन नेशनल फेडरेशन आफ इंडियन वूमन की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें पिछले साल केंद्र सरकार, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश तथा हरियाणा के पुलिस महानिदेशकों को नोटिस जारी किए गए थे और याचिका पर उनके जवाब मांगे गए थे। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता संगठन की ओर से पेश वकील निजाम पाशा ने कहा कि मध्य प्रदेश में मॉब लिंचिंग की एक घटना हुई थी लेकिन पीड़ितों के खिलाफ गोहत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### कोर्ट ने पूछा: बिना रासायनिक विश्लेषण के FIR कैसे दर्ज की गई

उन्होंने कहा कि अगर राज्य मॉब लिंचिंग की घटना से इनकार कर देगा तो तहसीन पूनावाला मामले में 2018 के फैसले का अनुपालन कैसे होगा?पूनावाला मामले में शीर्ष अदालत ने गौरक्षकों और भीड़ द्वारा हत्या की घटनाओं को रोकने के लिए राज्यों को कई निर्देश जारी किए हैं। पीठ ने मध्य प्रदेश सरकार की ओर से पेश वकील से भी सवाल किया कि मांस के रासायनिक विश्लेषण के बिना गोहत्या की एफआइआर कैसे दर्ज की गई और हाथापाई में शामिल लोगों के खिलाफ कोई एफआइआर क्यों दर्ज नहीं की गई।

### कोर्ट ने कहा- इस तरह के मामले में सलेक्टिव न हों

याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने याचिकाकर्ताओं को वर्ष 2022 में उदयपुर के कन्हैया कुमार की हत्या की याद दिलाई और कहा कि आप लोगों को इस तरह के मामले में सिलेक्टिव नहीं होना चाहिए। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकीलों से पूछा कि कन्हैया लाल के मामले में आप लोगों को का क्या कहना है, जिसकी पीट-पीट कर हत्या कर दी गई थी? कोर्ट के सवाल पर याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील निजाम पाशा ने स्वीकार किया कि इसका उल्लेख नहीं किया गया था। जिस पर अदालत ने कहा कि जब सभी राज्य मौजूद हों तो आप सिलेक्टिव नहीं हो सकते।

## भ्रामक विज्ञापन का मामला : रामदेव ने व बालकृष्ण ने SC से कहा...

# भूल हो गई, हम सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को तैयार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भ्रामक विज्ञापन देने के मामले में योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के एमडी बालकृष्ण आचार्य ने सार्वजनिक माफी मांगने का प्रस्ताव दिया है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान बाबा रामदेव के वकीलों ने यह प्रस्ताव रखा। इसके बाद अदालत ने उन्हें एक सप्ताह का मौका दिया है। अब अगली सुनवाई 23 अप्रैल को होगी।

मंगलवार को सुनवाई के दौरान बाबा रामदेव के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि हम सार्वजनिक रूप से माफी मांगने के लिए तैयार हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम दुख व्यक्त करना चाहते हैं कि जो हुआ, वह गलत था। उन्होंने कहा कि हमने दावा किया था कि हमारे पास कोरोना से निपटने की एक वैकल्पिक दवा भी है। सुप्रीम कोर्ट की बेंच में शामिल जस्टिस हिमा कोहली ने बाबा रामदेव से



पूछा, ‘आपने जो किया है, कोर्ट के विरुद्ध किया है। क्या वह सही है?’ इसके जवाब में रामदेव ने कहा, जज साहिबा, मैं इतना कहना चाहता हूं कि जो भी हमसे भूल हुई है, उसके लिए हम बिना शर्त माफी मांगते हैं। इस पर जस्टिस हिमा कोहली ने कहा कि हम आपके रवैये की बात कर रहे हैं। जजों ने इस दौरान बाबा रामदेव की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस करके एलोपैथी पर सवाल उठाने पर भी आपत्ति जताई। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने उनकी माफी पर ध्यान दिया।

## इसरो की महत्वाकांक्षी योजना

# अंतरिक्ष में मलबा नहीं छोड़ेगा भारत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ ने मंगलवार को घोषणा की कि भारत का लक्ष्य अगले 6 साल यानी 2030 तक मलबा रहित अंतरिक्ष का मिशन का है।

सोमनाथ ने यहां 42वीं अंतर-एजेंसी अंतरिक्ष मलबा समन्वय समिति (आईएडीसी) की वार्षिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जहां तक आने वाले



दिनों के लिए अंतरिक्ष अन्वेषण और अंतरिक्ष उपयोग का सवाल है तो इसरो के पास एक बहुत ही स्पष्ट योजना है। सोमनाथ अंतरिक्ष विभाग के सचिव भी हैं।

### रॉकेट इंजनों के लिए नोजल किया तैयार

इसरो ने रॉकेट इंजनों के लिए हल्का नोजल तैयार कर एक और अहम उपलब्धि हासिल की है। इससे लॉन्च वाहनों की पेलोड क्षमता को बढ़ाया जा सकेगा। तिरुवनंतपुरम स्थित अंतरिक्ष एजेंसी के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र ने कार्बन-कार्बन (सी-सी) कंपोजिट जैसी उन्नत सामग्रियों का लाभ उठाकर नोजल डाइवर्जेंट बनाया।

### आयरलैंड: भारत के राजदूत को हटाने की मांग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आयरलैंड में भारत के राजदूत के एक लेख पर कड़ी आपत्ति जताई है और उन पर पक्षपाती होने का आरोप लगाया है। दरअसल आयरलैंड के एक अखबार में भारत के चुनाव पर एक लेख लिखा गया था, जिस पर आयरलैंड में भारत के राजदूत अखिलेश मिश्रा ने जो प्रतिक्रिया अखबार को भेजी, उस पर कांग्रेस ने नाराजगी जाहिर की है।

## सलमान खान से मिले सीएम शिंदे, कहा...

# लॉरेंस बिश्नोई-गैंग को खत्म कर देंगे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

महाराष्ट्र मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को अभिनेता सलमान खान के घर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। हाल ही में मुंबई के बांद्रा स्थित सलमान खान के घर पर गोलीबारी के बाद शिंदे उनसे मिलने पहुंचे। शिंदे के वहां पहुंचते ही आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई। शिंदे ने अभिनेता के पिता और प्रसिद्ध पटकथा लेखक सलीम खान, राजनेता



बाबा सिद्दीकी और उनके बेटे जीशान से मुलाकात की। सीएम शिंदे ने बाद में बताया, किसी भी गैंग या गैंगवार की इजाजत नहीं दी जाएगी। हम ऐसा नहीं होने देंगे- हम (लॉरेंस) बिश्नोई को खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा, मैंने सलमान खान से कहा है कि सरकार आपके साथ है. दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनसे पूछताछ की जाएगी। हम मामले की तह तक जाएंगे। किसी को बख्शा नहीं जाएगा। किसी को भी इस तरह निशाना नहीं बनाना चाहिए।

## रामनवमी आज, अयोध्या सजकर तैयार, उमड़ेगा श्रद्धा का सागर

# बड़े तड़के से शुरू हो जाएंगे दर्शन, 12.16 बजे सूर्य किरण अभिषेक

**एजेंसी** | अयोध्या

करीब 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद प्रभु श्रीराम के जन्म स्थान अयोध्या में बने भव्य मंदिर में बुधवार 17 अप्रैल को राम नवमी मनाई जाएगी। इसके लिए अयोध्या सजधज कर पूरी तरह तैयार है। सुरक्षा के पुख्ता और अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं।

जनवरी में हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद यह पहला मौका है, जब अयोध्या में श्रद्धालुओं की इतनी बड़ी भीड़ होगी। इसलिए श्रद्धालुओं को इस दिन 19 घंटे दर्शन देंगे। बड़े तड़के 3:30 बजे से ही भक्त दर्शन के लिए लाइन में लग सकेंगे। रात 11 बजे तक



श्रृंगार, राग-भोग व दर्शन साथ-साथ चलते रहेंगे। इसके अलावा भगवान रामलला के ललाट पर सूर्य किरण दोपहर 12 बजकर 16 मिनट पर करीब पांच मिनट तिलक करेंगे। इसके लिए जरूरी तकनीकी व्यवस्था की गई है। वैज्ञानिक इस अलौकिक पलों को पूरी भव्यता से प्रदर्शित करने के लिए जुटे हुए हैं। जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर मंगलवार को वैज्ञानिकों ने एक बार फिर सूर्य तिलक का सफल ट्रायल किया। वैज्ञानिकों ने बीते 20 वर्षों में अयोध्या के आकाश में सूर्य की गति अध्ययन किया है। सटीक दिशा आदि का निर्धारण करके मंदिर के ऊपरी तल पर रिफ्लेक्टर और लेंस स्थापित किया है।

### हेलिकाप्टर से होगी पुष्पवर्षा

रामनवमी पर अयोध्या में बुधवार को हेलिकॉप्टर से फूलों की बरसात की जाएगी। राम की पैड़ी, रामकोट, सरयू तट, धर्मपथ, रामपथ समेत रामजन्मभूमि परिसर में फूलों की बरसात कर रामलला का जन्मदिवस मनाया जाएगा।

### रेलवे ने किए खास इंतजाम

इस बीच रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि रामनवमी के मौके पर अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या दोगुनी रहने की उम्मीद है। वर्तमान में 8 हजार यात्री प्रतिदिन अयोध्या दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। लेकिन रामनवमी के चलते 17 और 18 अप्रैल को यात्रियों की संख्या प्रतिदिन 35 से 40 हजार रहने की उम्मीद है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं की संभावित संख्या के अनुसार व्यवस्था की जा रही है। कोशिश की जा रही है कि बैक टू बैक ट्रेनें चलाई जा सकें, ताकि यात्रियों को कोई परेशानी न हो। रेलवे ने रामनवमी पर बढ़ती भीड़ को देखते हुए लखनऊ से अयोध्या जाने वाली ट्रेनों की व्यवस्था करने का प्लान भी बना लिया है। इसके अलावा अयोध्या रूट पर 130 की रफ्तार से ट्रेन चल सकें, इसकी भी तैयारी की जा रही है। इससे लगभग अयोध्या पहुंचने में श्रद्धालुओं का आधा घंटा बचेगा और सफर कम समय में तय हो जाएगा।

### प्रसाद के दो लाख से अधिक पैकेट तैयार

जन्मोत्सव में आने वाले भक्तों को देने के लिए प्रसाद की विशेष तैयारी की गई है। धनिया की पंजीरी युक्त प्रसाद के दो लाख से अधिक पैकेट तैयार हैं। रामलला के जन्मोत्सव में धनिया की पंजीरी का विशेष महत्व है। इसका भोग भी लगता है। भोग के बाद ही इसे वितरित किया जाएगा। लगभग 10 क्विंटल से अधिक पंजीरी बनाई गई है। बड़ी मात्रा में लड्डू और पेड़ा का भी वितरण होगा। पंजीरी के अलावा प्रसाद के पैकेट में पंचमेवा, रामदाना आदि भी होगा। प्रसाद की कुल मात्रा 40 क्विंटल होगी।

### रामलला को लगाया जाएगा छप्पन भोग

रामलला को छप्पन भोग लगाया जाएगा। पंचामृत भी तैयार किया जाएगा, जिसे प्रसाद के साथ भक्तों को वितरित किया जाएगा। दोपहर में राम जन्म के बाद प्रसाद बांटा जाएगा। ट्रस्टी अनिल कुमार मिश्र ने कहा कि राम जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है।

## रिलीज डेट अनाउंस: राज शांडिल्य, राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी का पहला कोलेब्रेशन

# 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' दशहरे पर आएगा

बेधड़क | जयपुर

ड्रीम गर्ल और ड्रीम गर्ल से बॉक्स ऑफिस पर जादू जगाने वाले राज शांडिल्य अब 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' लेकर आ रहे हैं। अपनी इस नई मूवी में उन्होंने राजकुमार राव को हीरो लिया है। उनके अपोजिट हीरोइन ली है एनिमल फिल्म से चर्चा में आई तृप्ति डिमरी। अनाउंस के बाद इसकी रिलीज डेट भी लॉक कर दी गई है। यह फिल्म इसी साल दशहरे पर 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' एक मसाला फिल्म है जो 1990 के समय में सेट है। फिल्म की कहानी डायरेक्टर राज शांडिल्य ने युसुफ अली खान के साथ मिलकर लीखी है। संगीत दिया है सचिन जिगर ने। फिल्म को प्रोडयूस किया है भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, शोभा कपूर, एकता कपूर, विपुल डी शाह, अश्विन वर्दे, राजेश बहल, राज शांडिल्य और विमल लाहोटी ने।

### राज का पिछला रिकॉर्ड जगा रहा उम्मीद

'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' डाइरेक्ट कर रहे निर्देशक राज शांडिल्य के पिछले रिकॉर्ड पर नजर डालें तो काफी अच्छा है। राज शांडिल्य ने निर्देशन की शुरुआत ड्रीमगर्ल जैसी सुपरहिट फिल्म से की थी। इसमें आयुष्मान खुराना के साथ मिलकर शांडिल्य ने वो जादू जगाया कि बॉक्स ऑफिस पर नोट बरसे। इसके बाद राज इसी मूवी का सीक्वल लेकर आए ड्रीम गर्ल 2। इसमें पहली वाली मूवी की जोड़ी ही साथ थी और फिल्म हट रही। विक्की पीडिया पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार एक निर्देशक के रूप में राज की दो मूवीज आई और ये दोनों ही हिट रही, यानी कि सक्सेस का इनका रिकॉर्ड 100% रहा है। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि वो एक बार और जबरदस्त तरीके से दर्शकों को एंटरटेन करने वाले हैं।





### दो कोलेब्रेशन पहली बार

राज शांडिल्य की 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' फिल्म में दो कोलेब्रेशन हो रहे हैं, वो भी पहली बार। एक कोलेब्रेशन है हीरो और हीरोइन राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी का। यह जोड़ी पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करने जा रही है। दूसरा कोलेब्रेशन है डाइरेक्टर और और हीरो राज शांडिल्य और राजकुमार राव का। ये दोनों भी पहली बार साथ में काम करने जा रहे हैं।

## बाबा का सजा दरबार, झूमे भक्त



**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर नगर शॉपिंग सेंटर में श्रीश्याम मित्र मंडल जवाहर नगर की ओर से बाबा श्याम का छठ विशाल जागरण किया गया। इस दौरान भक्तों ने जयकारों के साथ जागरण में भजनों का आनंद लिया। जागरण में बाबा श्याम का श्रृंगार भक्तों को मोहित कर गया। बाबा की अखंड ज्योत, पुष्प वर्षा और छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। देव म्यूजिकल ग्रुप दिल्ली ने बाबा का गुणगान किया गया। कोलकाता के गायक कलाकार सौरव शर्मा ने सर्वप्रथम गणेश वंदना कर जागरण की शुरुआत की। कीर्तन की है रात... खाटू वाले श्याम मुझे तेरी जरूरत है... मेरा श्याम काम करे डंके की चोट पर... जैसे भजन गाकर भक्तों को झुमाया। श्याम बाबा की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान हर उम्र के जयपुरवासियों ने कार्यक्रम भाग लेकर गुणगान किया। कलाकारों भी भक्तों के बीच पहुंचकर प्रस्तुतियां दीं, जिससे भक्त रोमांचित हो गए और उन्होंने बाबा के सम्मान में डांस भी किया।

## भरत मिलाप पर भक्त हुए भावुक



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर के आदर्श नगर स्थित श्री राम मंदिर में श्री राम कथा में भरत मिलाप और श्री राम राज्याभिषेक की कथा देख और सुनकर जयपुराइट्स भावुक हो उठे। सीनियर सिटीजंस की आंखों से खुशी के आंसू देखे गए। व्यासपीठ से आचार्य संदीप कृष्ण शास्त्री ने कहा, कि भरत को जब ज्ञात हुआ कि माता कैकई ने श्री राम को 14 वर्ष का वनवास और भरत को राज सिंहासन दिलाया है तो भरत बहुत क्रोधित हुए और अपनी माता को भला-बुरा कहा। वह राम को वापस लेने के लिए वन की ओर चले। भरत जब श्री राम के पास पहुंचे तो सभी भाइयों के प्रेमाश्रु निकल पड़े। भरत ने दशरथ के स्वर्गवास का समाचार सुनाया तथा वापस लौटने का निवेदन किया। श्री राम ने कहा, कि पिताजी को दिए वचन का पालन कर ही लौटूंगा। भरत अपने भाई श्री राम से लिपट कर बहुत रोए और श्री राम की चरण पादुका सर पर लेकर लौटे तथा अयोध्या में सिंहासन पर रखकर सेवक के रूप में राजकाज करने लगे। अनिल खुराना ने बताया कि बुधवार को श्री रामनवमी मनाई जाएगी। मंगला आरती के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन किया जाएगा। सुंदर कांड का पाठ होगा और राम नाम का संकीर्तन होगा। भगवान का पंचामृत अभिषेक कर नई पोशाक धारण कराई जाएगी। 12 बजे घंटे बधाई गान गाए जाएंगे। भगवान को भोग लगने के पश्चात भंडारे का आयोजन होगा।

## City इवेंट्स

### श्री राम मंदिर का 22वां पाटोत्सव शुरू



**बेधड़क. जयपुर।** महावीर नगर टोंक रोड स्थित श्रीराम मंदिर का 22वां तीन दिवसीय पाटोत्सव समारोह त्रिवेणीधाम शाहपुरा के बृम्हपीठधीश्वर श्रीराम रिछपालदासजी महाराज के सान्निध्य में मनाया जा रहा है। मंदिर संचालक श्रीराम सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश बंसल ने बताया कि पाटोत्सव का शुभारंभ मंदिर पुजारी सुशांतजी महाराज द्वारा देव मंडल पूजा-महाभिषेक से हुआ। श्रीराम दरबार को नवीन पोषाक और आभूषण धारण करवा कर आलौकिक श्रृंगार किया। राम दरबार की मनमोहक झांकी श्रद्धालुओं का आर्कषण का केंद्र रही। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने बताया कि संध्या महाआरती के बाद भंडारे में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। ट्रस्ट मंत्री देवकी नदंन जाजू ने बताया कि नवरात्रि में तुलसीकृत रामायण ओर दुर्गाशप्तशति के अखंड पाठ किए जा रहे हैं। मंदिर में भजन कीर्तन चल रहे हैं और रामनवमी को भगवान का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

### प्रथम पूज्य का किया पुष्याभिषेक



**बेधड़क. जयपुर।** नव संवत्सर के पहले पुष्य नक्षत्र में शहर के गणेश मंदिरों में प्रथम पूज्य गणपति का अभिषेक कर सिंदूरी चोला धारण कराया गया। ऋतु पुष्पों से श्रृंगार कर अथर्वशीर्ष मंत्रों से मोदक अर्पित किए गए। गढ ग़णेश मंदिर में महंत प्रदीप औदीच्य के सान्निध्य में बालरूप पुरुषाकृति गणेशजी का पुष्याभिषेक किया गया। मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में महंत कैलाश शर्मा के सान्निध्य में 151 किलो दूध, 21 किलो दही, 5 किलो घी, 21 किलो बूरा, शहद व केवड़ा जल, गुलाब जल, केवड़ा इत्र व गुलाब इत्र से गणेशजी महाराज का अभिषेक किया गया। वहीं, चांदपोल परकोटा गणेश मंदिर में महंत राहुल शर्मा के सानिध्य में 101 दूध से पुष्य नक्षत्र अभिषेक किया गया। पं. अमित शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं को हल्दी की गांठ और सुपारी वितरित की गई। इसी प्रकार ब्रह्मपुरी स्थित नहर के गणेशजी, सूरजपोल स्थित श्वेत सिद्धी विनायक, बड़ी चौपड़ स्थित ध्वजाधीश, दिल्ली रोड स्थित बंगाली बाबा गणेश आश्रम, खिरणी फाटक के गणेश मंदिर सहित अन्य गणेश मंदिरों में पुष्याभिषेक कर पूजा की गई।

### शहर में पहली बार हुआ अनूठा आयोजन

## समर आइसक्रीम फेस्टिवल में चिल करने पहुंचे पेट्स



बेधड़क | जयपुर

पिंक सिटी में डॉग्स और डॉग्स लवर्स के लिए अनूठा समर आइसक्रीम फेस्टिवल आयोजित हुआ। 'डेट विद यॉर पेट' नाम से हुए फेस्टिवल में देश में पहली बार डॉग्स के लिए स्पेशल आइसक्रीम बनाई गई। पेट्स के लिए 10 से अधिक फ्लेवर्स की आइसक्रीम खास डॉग्स और कैट्स के लिए थीं। सी- स्कीम में आयोजित हुए फेस्टिवल में पेट्स ओनर के साथ पेट्स को फ्री आइसक्रीम खिलाई गई। समर फेस्टिवल की ऑर्गेनाइजर स्वेता और सचिन खुराना ने बताया कि इंसानों की तरह ही पेट्स को मीठी और ठंडी चीजे पसंद होती हैं।

दिक्कत ये होती है कि नॉर्मल आइसक्रीम इनको नुकसान पहुंचाती है। ऐसे में काफी रिसर्च के साथ नारियल और कई हर्ब्स के साथ रिसर्च कर शेफ की टीम्स ने ये आइसक्रीम बनाई है। देशभर से डॉग्स लवर्स अपने पेट्स के साथ भाग लेने आए। इनको खाने से जानवरों को किसी भी तरह का नुकसान नहीं होगा। फेस्टिवल में शहर के सोशल मीडिया इंफ्ल्युएंसर्स के साथ जयपुराइट्स ने हिस्सा लिया।

समर फेस्ट का सेट प्रदीप व नंदिनी जयसवाल ने यूरोपियन स्टाइल में डिजाइन कर लोगों को खास फील कराया। साथ ही हॉलिडे डेस्टिनेशन का फील दिया गया।

### यूथ हॉस्टल में प्रतिभागियों का सम्मान

## अजाक ने 133 किलो का केक काटा और किया कैंडल मार्च



बेधड़क | जयपुर

अनुसूचित जाति अधिकारी कर्मचारी एसोसिएशन (अजाक) जयपुर ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के कार्यक्रमों की कड़ी में मंगलवार को यूथ हॉस्टल में आयोजन किया। अजाक प्रदेश प्रवक्ता मोहन लाल वर्मा ने बताया कि शाम 7 बजे से हजारों की संख्या में बाबा के अनुयायियों ने हॉस्टल से अंबेडकर सर्कल तक कैंडल मार्च करते हुए मूर्ति पर कैण्डल प्रकाशित कर श्रद्धांजलि दी। हॉस्टल में मंच पर 133 किलो का केक काटा गया व उपस्थित जनसमूह को बधाई दी। गुब्बारों और फूलों से सजे मंच के साथ आतिशबाजी ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। बाबा साहेब की जीवनी, उनके विचार साहित्य व दर्शन पर कविताएं, गीत व रचनाओं का वाचन हुआ। प्रतिभागियों को मंच पर सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर श्रीराम चौरडिया अजाक प्रदेशाध्यक्ष, सत्यवीर सिंह पूर्व आईजी, आनन्द कुमार आईएएस अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह विभाग, हनुमान प्रसाद पूर्व आईएएस, प्रोफेसर श्याम लाल पूर्व कुलपति, बी एल आर्य पूर्व आईएएस, एडवोकेट डॉ. महेन्द कुमार आनन्द, टी. सी. बोहरा आईएएस, सुनील भाटी आरएएस, भरतराज आरपीएस, नरोत्तम आरपीएस, सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वर सेवार्थी, कन्हैया लाल बैरवा आईपीएस, पूरणमल बेरी व सूरजमल आदि वक्ताओं ने बाबा के विचारों पर उदबोधन दिया।

**धर्म जागृति संस्थान** | अतिशय क्षेत्र देहरा तिजारा में आचार्य वसुनंदी ससंघ के सान्निध्य में हुआ राष्ट्रीय अधिवेशन

## संगठित समाज ही सरकार से मांगें मनवाने में सक्षम

बेधड़क | जयपुर

अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान का सप्तम राष्ट्रीय अधिवेशन श्री चंद्र प्रभु अतिशय क्षेत्र देहरा तिजारा प्रांगण में स्थित चन्द्रगिरि वाटिका में आचार्य वसुनंदी महामुनिराज ससंघ के सान्निध्य में हुआ। धर्म जागृति संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री इंजीनियर भूपेंद्र जैन दिल्ली ने बताया कि अधिवेशन सुबह प. शिखर चंद जैन के निर्देशन में ध्वजा रोहण के बाद मंगलाचरण, चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन से प्रारंभ हुआ। इसके बाद आचार्य का पादप्रक्षालन धर्म जागृति संस्थान दिल्ली ने तथा शास्त्र भेंट धर्म जागृति संस्थान अजमेर ने किया।



### आचार्य का अष्ट द्रव्य के साथ पूजन

दूसरे सत्र में आचार्य का अष्ट द्रव्य के साथ पूजन किया गया। पूजन का वाचन वर्धस्व नंदिनी मातजी द्वारा किया गया तथा शाखाओं की ओर से एक-एक द्रव्य भक्ति के साथ झूमते हुए गुरुवर को अर्पित किए गए। आचार्य वसुनंदी महाराज ने अपने उद्धबोधन में प्राप्त सुझावों को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होते हैं तथा वर्तमान युग संगठित रहने का युग है। संगठित समाज ही अपनी मांगे सरकार से पूर्ण कराने में सक्षम होता है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली शाखाओं का सम्मान

आचार्य ने उत्कृष्ट कार्य करने के लिए चयनित शाखाओं के नाम की घोषणा की, जिन्हें राष्ट्रीय कार्यकारिणी योगेश जैन मेरठ, निकुंज जैन दिल्ली, डॉ. नीरज जैन आदि द्वारा सम्मानित किया गया। राजस्थान की प्रांतीय शाखा को संस्थान की राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ शाखा चुना गया, जिसने पदम जैन बिलाला जयपुर की अध्यक्षता में समाज हित में महत्वपूर्ण कार्य संपन्न करने पर अध्यक्ष को वसुनंदी महाराज के जयकारों व करतल ध्वनि के बीच सम्मानित किया गया। साथ ही तिजारा क्षेत्र प्रबंध समिति द्वारा सभी केंद्रीय पदाधिकारियों का सम्मान किया गया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, बुधवार, 17 अप्रैल, 2024



गुलामी सिर्फ शासन की ही नहीं होती है, बल्कि विचार और व्यवहार की भी होती है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## जरूरी खबर

### अब भी जिंदा है सरबजीत का हत्यारा तांबा!



**इस्लामाबाद।** मौत की सजा पाए भारतीय कैदी सरबजीत सिंह की 2013 में यहां एक जेल के अंदर हत्या के आरोपी अमीर सरफराज तांबा की अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा हत्या किए जाने के बाद पंजाब पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने घटना को नाटकीय मोड़ देते हुए दावा किया कि वह 'अब भी जीवित' है। लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद के करीबी सहयोगी तांबा पर यहां सनंत नगर स्थित उसके आवास पर मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने हमला किया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसने दम तोड़ दिया। लाहौर के एसएसपी)'ऑपरेशंस' सैयद अली रजा ने बताया कि तांबा अब भी जीवित है, लेकिन गंभीर रूप से घायल है। हालांकि, जब एसएसपी के बयान के बारे में लाहौर पुलिस के प्रवक्ता फरहान शाह से बात की गई तो उन्होंने इस मामले को 'संवेदनशील' बताते हुए टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### भारतीय राजनयिक ने -0⁰ तापमान से नीचे किया योग



**बीजिंग।** हमारे देश में लोग खुद को स्वस्थ्य रखने के लिए प्रचीन काल से ही योग का सहारा लेते रहे हैं। योग न केवल हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है, बल्कि यह हमारे दिमाग को भी शांत रखने में मददगार होता है। वैसे योग के फायदे को लेकर रोजाना कई खबरें सामने आती हैं, लेकिन एक संयुक्त राष्ट्र के भारतीय राजनयिक ने चीन में योग के जरिए एक ऐसा कारनामा किया है, जिससे वो सुर्खियों में आ गए हैं। दरअसल, चीन में संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख सिद्धार्थ चटर्जी इन दिनों चीनी सोशल मीडिया पर वायरल हैं। वायरल होने की वजह ये है कि उन्होंने शून्य से भी नीचे के तापमान में व्यायाम किया है और कई कठिन योग अभ्यास भी किया है।

## मिडिल ईस्ट में बढ़ा तनाव

# जंग की तैयारी में जुटे इजराइल और ईरान

**एजेंसी** | तेल अवीव

इजराइल पर ईरान के ड्रोन और मिसाइल हमले को तीन दिन बीतने को हैं, लेकिन अभी तक इजराइल पलटवार नहीं कर सका है। वहां की युद्ध कैबिनेट लगातार बैठक कर रही है और हमले की रणनीति बना रही है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अब तक पांच बार युद्ध कैबिनेट की मीटिंग की है।

इस बीच, इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल हरजी हलेवी ने कहा है कि इस सप्ताह के अंत तक उनका देश ईरान के हमले का जवाब देगा। उन्होंने कहा कि ईरान को अपनी कार्रवाई के परिणाम भुगतने होंगे। दक्षिणी इजराइल में नेवातिम हवाई अड्डे का दौरा करने के बाद एक वीडियो बयान में हलेवी ने कहा कि इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन हमले का जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इजराइल अपनी रक्षा करने के लिए काफी मजबूत है। हलेवी ने कहा कि इजराइल के क्षेत्र में इतनी सारी मिसाइलों, यूएवी के प्रक्षेपण का जवाब दिया जाएगा। हालांकि कई पश्चिमी देशों ने इजराइल से मध्य पूर्व में संघर्ष को बढ़ने से रोकने का आग्रह किया है।

## आईडीएफ प्रमुख बोले... ईरान को भुगतने होंगे अपनी कार्रवाई के परिणाम



### ईरान ने की पलटवार की तैयारी

ईरान ने पलटवार की तैयारी में हाइपरसोनिक और बैलिस्टिक मिसाइलों को भी रेडी मोड में तैनात कर दिया है। हाइपरसोनिक मिसाइल की रेंज 1400 किलोमीटर है। इसके अलावा ईरान ने फतह मिसाइल की भी तैनाती कर दी है। इसकी मारक रफ्तार 16050 किलोमीटर प्रति घंटा है। इस बैलिस्टिक मिसाइल की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे अमेरिका-ब्रिटेन और इजराइल का कोई भी डिफेंस सिस्टम इंटरसेप्ट नहीं कर सकता, जैसा कि ईरानी हमले के दौरान उसके 300 से ज्यादा मिसाइल और ड्रोन हमलों के साथ हुआ था। अमेरिका, ब्रिटेन और इजराइल की तिकड़ी ने पड़ोस की छह देशों से एंटी मिसाइल डिफेंस सिस्टम के सहयोग से ईरान के 90 फीसदी मिसाइलों को इंटरसेप्ट कर दिया था।

### हमारे पास कई घातक हथियार: अब्दुल फजल

इसी दौरान ईरान की तैयारियों पर वहां के रक्षा-विदेश मामलों की कमेटी के प्रवक्ता अब्दुल फजल ने धमकी दी है कि ईरान के पास कई घातक हथियार हैं, जिसकी भनक दुनिया को नहीं है। फजल ने कहा है कि ईरान नए तरह के हथियारों से इजराइल पर हमला करेगा। ऐसे में ये आशंका भी गहरा गई है कि क्या ईरान परमाणु बम का इस्तेमाल कर सकता है?

### इजराइली सेना ने किया युद्धाभ्यास

इजराइली फोर्स ने सेंट्रल और अपर गलीली इलाके में युद्ध का मॉक ड्रिल किया और उसके विध्वंसक विमानों ने आसमान में उड़नें भरीं। इसके अलावा टैंक और बख्तरबंद वाहन भी सड़कों पर उतरे। IAF के कई लड़ाकू विमान आसमान में एक साथ उड़ते और युद्धाभ्यास करते नजर आए। इस बीच, इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में हवाई हमले कर हिज्बुल्लाह के कई ठिकानों को तबाह किया है।

### ईरान ने सीमा पर तैनात कर दिए ये ब्रह्मास्त्र

दूसरी तरफ ईरान ने एक वीडियो जारी कर इजराइल को धमकी दी है और कहा है कि हम किसी भी हमले का जवाब देने के लिए तैयार हैं। ईरान ने अपने वीडियो संदेश में कहा है कि अगर इजराइल ने हमला किया तो वह सेकंड भर में पलटवार करेगा और इस बार 12 दिनों का इंतजार नहीं करेगा। ईरान के उप विदेश मंत्री अली बाघेरी कानी ने चेतावनी दी है कि इस बार उनका देश दोगुनी ताकत से इजराइल पर हमला बोलेगा और करीब 400 मिसाइल एक साथ दागेगा।



### अमेरिका चिंतित, बेंजामिन की टेंशन बढ़ी

ईरान की इस तैयारी से इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन की टेंशन बढ़ गई है। दूसरी तरफ अमेरिका भी इस बात से परेशान है कि अगर ईरान ने घातक हथियारों का इस्तेमाल किया तो इजराइल भी जवाबी कार्रवाई में विध्वंसक हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। इससे क्षेत्रीय अशांति के अलावा दुनियाभर में भीषण युद्ध भड़क सकता है और उसके घातक अंजाम हो सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों पर भी उसका असर पड़ सकता है।

# जॉर्जिया की संसद में चले लात-घूंसे

**एजेंसी** | त्बिलिसी

संसद में गर्मा-गर्म बहस, कागज के गोले फेंकना, तनातनी तो खूब आपने देखी होगी, लेकिन जॉर्जिया की संसद में कुछ ऐसा हुआ, जिसने इस देश को दुनिया में सुर्खियों में ला दिया है। एक विवादास्पद विधेयक को लेकर सांसदों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। विपक्षी सांसद ने सत्ताधारी दल के नेता के मुंह पर घूंसा तक जड़ दिया। इसके बाद तो हालात बिगड़ गए। जमकर मारपीट हुई। घटनाक्रम का वीडियो वायरल है। जिस वक्त यह हाईवोल्टेज ड्रामा हुआ, उस वक्त विदेशी एजेंट बिल पर बहस चल रही थी। इसे रूसी प्रेरित विधेयक कहा जा रहा है।

इसका उद्देश्य जॉर्जियाई गैर सरकारी संगठनों और मीडिया पर विदेशी प्रभाव को विनियमित करना है। विपक्ष इस बिल का विरोध कर रहा है। विपक्ष का कहना है कि यह बिल जॉर्जियाई संप्रभुता को खतरे में डालता है। फिलहाल, इस मारपीट से देश के भीतर गहरे राजनीतिक विभाजन को उजागर किया है।



### वीडियो हो रहा है वायरल

इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें सत्तारूढ़ जॉर्जियाई ड्रीम पार्टी के संसदीय गुट के नेता मामुका मदीनाराडजे विधायी निकाय के सामने बोल रहे थे। तभी विपक्षी सांसद अलेको एलिसाश्विली अपनी सीट से उठे और उन्होंने मामुका के मुंह पर मुक्का जड़ दिया। यह देख कई सांसद दौड़े और मामुका को बचाया। वहीं, सत्तारूढ़ पार्टी के कई नेताओं ने अलेको को पीट दिया।

## ऐतिहासिक मुकदमा

# डोनाल्ड ट्रंप ने खुद को बताया बेगुनाह

**एजेंसी** | न्यूयॉर्क

डोनाल्ड ट्रंप का ऐतिहासिक मुकदमा शुरू हो गया, जिससे वह अमेरिकी इतिहास में आपराधिक मामले का सामना करने वाले पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए, जिससे नवंबर में होने वाले चुनाव में उनकी उम्मीदवारी को लेकर कई सवाल खड़े हो गए। दुनियाभर में रुचि के साथ देखे गए एक मुकदमे में ट्रंप को एक पोर्न अभिनेत्री को यौन संबंध बनाने के आरोपों के बारे में चुप कराने के लिए अपनी कंपनी के व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी कर उसे पैसे देने के आरोप में आपराधिक सजा और जेल की सजा का सामना करना पड़ सकता है। रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रंप की डेमोक्रेट राष्ट्रपति जो बाइडेन पर मामूली बढ़त है। चुनाव से सात महीने पहले उन्हें मैनहट्टन कोर्ट रूम में सप्ताह में चार दिन पेश होना पड़ेगा। इस मुकदमे में भले ही उन्हें दोषी ठहराया जाए, मगर उन्हें राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने और चुने जाने से अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि संविधान आपराधिक सजा वाले उम्मीदवार पर मौन है।

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने 2016 में अपने व्यापार संबंधी दस्तावेजों में गड़बड़ी करके एडल्ट स्टार को पैसे दिए थे। इस मामले में ट्रंप कोर्ट में पेश हुए, बता दें कि यह पहली बार है जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति पर आपराधिक मुकदमा हआ है। आरोप है कि उन्होंने एडल्ट फिल्मों की अभिनेत्री स्टॉर्मी डेनियल्स से संबंध को छिपाने के लिए पैसे दिए थे। ट्रंप आगामी चुनाव में एक बार फिर उतरने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रम्प ने डेनियल्स के साथ विवाहेतर संबंध होने से इनकार किया है और दोषी नहीं होने की दलील दी है।



**न्यूयॉर्क के लोग बनाम डोनाल्ड ट्रंप है केस:** जूरी पूल के कुल मिलाकर 96 पहले सदस्यों को अदालत कक्ष में बुलाया गया। ट्रंप ने जूरी सदस्यों को देखने के बाद अपने वकील से कुछ कहा। न्यायधीश जुआन मर्चन ने ट्रंप से कहा कि "आप जूरी द्वारा एक परीक्षण में भाग लेने वाले हैं। "यह मामला न्यूयॉर्क राज्य के लोग बनाम डोनाल्ड ट्रम्प है। निष्पक्ष होने के सवाल के बाद जूरी सदस्यों में से सिर्फ एक तिहाई सदस्य ही बचे थे।

**मुझे फंसाया जा रहा है:** पेन्सिलवेनिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि मेरे ऊपर गैंगस्टर अल कैपोन से भी ज्यादा मामले चल रहे हैं, जबकि मैंने कुछ नहीं किया है। उन्होंने कहा कि यह कोई संगीन अपराध नहीं है। न धोखाधड़ी है। उन्होंने कहा था कि न्यूयार्क में डेमोक्रेटिक लोगों का दबदबा है, इसलिए निष्पक्ष सुनवाई नहीं होगी।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl